हरिभूमि
# रायपुर भूमि



**सीमांकन, नजूल नक्शा, आय-जाति जैसे मैनुअल काम हो रहे**
पटवारियों ने ऑनलाइन काम का बहिष्कार किया है, लेकिन मैनुअल काम अभी भी कर रहे हैं। मैनुअल में सीमांकन, पंचनामा, नजूल-नक्शा से लेकर आय, जाति और मूल निवास जैसे काम किए जा रहे हैं।



## ऑनलाइन वर्क ठप, ऑफलाइन सन्नाटा, पटवारी दफ्तरों की भीड़ गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

इंटरनेट, कम्प्यूटर सिस्टम-लैपटॉप जैसे ऑनलाइन संसाधन व भत्ते की मांग को लेकर प्रदेशभर के पटवारियों ने ऑनलाइन काम बंद कर दिया है। इसका असर अब जिले में राजस्व संबंधी कामकाज पर पड़ने लगा है, जिसके कारण लोगों के काम भी अटक रहे हैं। किसान किताब एंट्री, रकबा त्रुटि सुधार, आधार को मोबाइल से लिंक करना, रजिस्ट्री के लिए डिजिटल सिग्नेचर, नामांतरण प्रतिवेदन के काम भी ▶▶|शेष पेज 11 पर

### अपनी मांगों को लेकर डटे कर्मचारी, मैनुअल वर्क ही हो रहा

**केस 1** पचपेड़ी नाका स्थित 62 रायपुर खास पटवारी कमलेश तिवारी के यहां दिनभर में 3 से 4 लोग ही अपना मैनुअल काम लेकर पहुंचे थे। कमलेश तिवारी ने बताया कि ऑनलाइन काम बंद होने से लोगों को परेशानी तो हो रही है, लेकिन उनकी मांग भी जायज है। जब तक मांग पूरी नहीं होगी, ऑनलाइन काम का बहिष्कार करेंगे।

**केस 2** मंदिर हसौद पटवारी ओपी देवांगन ने कहा कि ऑनलाइन काम नहीं होने से अब उनके दफ्तर में बहुत कम संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि मैनुअल काम किए जा रहे हैं, इसलिए ऑनलाइन काम लेकर आने वालों को लौटा रहे हैं।

**केस 3** खरोरा क्षेत्र के पटवारी सुमेंद गोड़बोले का भी यही कहना है कि ऑनलाइन काम बंद कर दिया है, इसलिए दफ्तर में मैनुअल काम लेकर पहुंचने वाले लोगों के ही काम किए जा रहे हैं।

**बहिष्कार जारी रहेगा**
हमारी मांगे पूरी तरह से जायज है। जब तक शासन उनकी मांगे पूरी नहीं करेगा तब तक ऑनलाइन काम का बहिष्कार जारी रहेगा।
- **भागवत कश्यप**, प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पटवारी संघ

### खबर संक्षेप

#### शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा, 20 लाख ठगे

**रायपुर।** शहर के एक डेंटिस्ट ने डीडीनगर थाना में शेयर बाजार में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 20 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डॉ. रामेश्वर सोनवानी ने पुलिस को बताया कि उसके पास 12 फरवरी को एक वाट्स एप आया। वाट्स एप पर एक युवती ने उसे शेयर बाजार के बारे में जानकारी देते हुए भारी मुनाफा मिलने का झांसा दिया। शुरू में 10 हजार रुपए निवेश करने पर डॉ. को 10 हजार प्रॉफिट दे झांसे में लेने के बाद किस्तों में रकम जमा कर ठगी का शिकार बनाया।

#### फरार बदमाश की हथियार के साथ पोस्ट वायरल

**रायपुर।** बदमाशों के खिलाफ पुलिस हर तरह से अंकुश लगाने का दावा करती है। बावजूद इसके पुलिस के दावों के विपरीत एक फरार बदमाश ने अपने साथी के साथ सोशल मीडिया पर देशी कट्टा के साथ पोस्ट की है।



जिस बदमाश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली है, उसका नाम अभिषेक सिंह है और वह सिविल लाइंस थाने का फरार बदमाश है। इस संबंध में सिविल लाइंस टीआई का कहना है कि बदमाश ने जो पोस्ट की है, वह उसकी फरारी के पूर्व की है। पुलिस के अनुसार, अभिषेक चोटिल अवस्था में अपने घर पर है, इस वजह से उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

#### नौकरी लगाने का झांसा छात्रा समेत दो गिरफ्तार

**रायपुर।** अलद-अलग विभागों में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप में पंडरी पुलिस ने आंबेडकर अस्पताल में इंटर्नशीप कर रही एक नर्सिंग की छात्रा तथा एक युवक को गिरफ्तार किया है। महासमुंद निवासी मोनिका मिर्घा की शिकायत पर पुलिस ने कुसुम यादव तथा हरीश पटेल को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने मोनिका को नर्स की नौकरी लगवाने का झांसा देकर ढाई लाख रुपए की ठगी की थी। साथ ही फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया था। इसी तरह से दोनों जालसाजों ने अलग-अलग लोगों से 12 लाख की ठगी की है।

#### नाबालिग के कब्जे से तीन चोरी की बाइक जब्त



**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने एक नाबालिग के कब्जे से तीन चोरी की बाइक जब्त की है। पुलिस ने अमित अग्रवाल की शिकायत पर नाबालिग को बाइक चोरी के आरोप में पकड़ा है। अमित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि दो माह पूर्व गुढ़ियारी पड़ाव के पास से किसी ने उसकी एक्टिवा चोरी कर ली। पुलिस सीसीटीवी तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राहक बन नाबालिग से दोपहिया खरीदने पहुंची। दस्तावेज मांगे जाने पर नाबालिग ने अपने पास वाहन से संबंधित किसी तरह के दस्तावेज नहीं होने की बात कही। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की तो उसने तीन दोपहिया चोरी करने का अपराध कबूल किया।

### 70 वार्डों का आरक्षण : 23 पिछड़ा वर्ग, 9 अजा, 3 अजजा के लिए आरक्षित

## मेयर का वार्ड महिला, नेता प्रतिपक्ष का वार्ड अब पिछड़ा, कई नेताओं को बदलना पड़ेगा इलाका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों की लॉटरी गुरुवार को निकाली गई। इसमें 23 वार्ड पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। 9 वार्ड अनुसूचित जाति, 3 वार्ड अनुसूचित जनजाति और बाकी के 35 वार्डों में से 11 वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित हो गए हैं। खास बात ये है महापौर एजाज ढेबर का वार्ड महिला के लिए आरक्षित हो गया है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे भी अपने पुराने वार्ड से चुनाव नही लड़ पाएंगी यह वार्ड पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हो गया है। एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, रितेश त्रिपाठी के अलावा वरिष्ठ पार्षद मृत्युंजय दुबे के वार्ड भी आरक्षित हो गए हैं। इन सभी को चुनाव लड़ने के लिए दूसरा वार्ड तलाशना होगा।

### अनारक्षित 35 वार्डों में से 11 वार्ड महिला के लिए आरक्षित

#### 70 वार्डों का आरक्षण इस तरह से

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वीर सावरकर वार्ड | सामान्य |
| 2. | पं. जवाहरलाल नेहरू | अनुसूचित जाति |
| 3. | संत कबीर दास | अनुसूचित जाति |
| 4. | यतियतन लाल | सामान्य |
| 5. | बंजारी माता | सामान्य महिला |
| 6. | वीरांगना अवंतिबाई | अनुसूचित जाति |
| 7. | कुशाभाऊ ठाकरे | सामान्य |
| 8. | महात्मा गांधी | अपिव महिला |
| 9. | मोतीलाल नेहरू | सामान्य |
| 10. | रानी लक्ष्मीबाई | सामान्य |
| 11. | डॉ. भीमराव आंबेडकर | सामान्य |
| 12. | कालीमाता | सामान्य महिला |
| 13. | राजीव गांधी | सामान्य |
| 14. | रमण मंदिर | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 15. | कन्हैयालाल बाजारी | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 16. | वीर शिवाजी | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 17. | ठक्कर बापा | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 18. | बाल गंगाधर तिलक | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 19. | डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम | सामान्य |
| 20. | रामकृष्ण परमहंस | सामान्य |
| 21. | शहीद भगत सिंह | सामान्य महिला |
| 22. | पं. ईश्वरी चरण शुक्ल | अजजा महिला |
| 23. | शहीद मनमोहन सिंह बक्शी | अजा महिला |
| 24. | सरदार वल्लभभाई पटेल | सामान्य महिला |
| 25. | संत रामदास वार्ड | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 26. | दानवीर भामाशाह | अजा महिला |
| 27. | इंदिरा गांधी | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 28. | शहीद हेमू कालाणी | सामान्य |
| 29. | गुरु गोविंद सिंह | अनुसूचित जाति |
| 30. | शंकर नगर | सामान्य |
| 31. | नेताजी सुभाष चंद्र बोस | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 32. | महर्षि वाल्मीकि | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 33. | शहीद वीरनारायण सिंह | सामान्य |
| 34. | पं. रविशंकर शुक्ल | सामान्य |
| 35. | अब्दुल हमीद | सामान्य |
| 36. | तात्यापारा | अपिव महिला |
| 37. | शहीद चूड़ामणि नायक | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 38. | स्वामी आत्मानंद | सामान्य |
| 39. | ठाकुर प्यारेलाल | सामान्य महिला |
| 40. | दीनदयाल उपाध्याय | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 41. | पं. सुंदरलाल शर्मा | सामान्य महिला |
| 42. | महंत लक्ष्मीनारायण दास | सामान्य |
| 43. | ब्राह्मणपारा कंकालीपारा | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 44. | स्वामी विवेकानंद सदरबाजार | सामान्य |
| 45. | मौलाना अब्दुल रऊफ | सामान्य महिला |
| 46. | सिविल लाइंस | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 47. | मदर टेरेसा | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 48. | गुरु घासीदास | अनुसूचित जनजाति |
| 49. | रानी दुर्गावती | सामान्य |
| 50. | पं. विद्याचरण शुक्ल | अनुसूचित जनजाति |
| 51. | पं. लालबहादुर शास्त्री | सामान्य महिला |
| 52. | डॉ. राजेंद्र प्रसाद | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 53. | बाबू जगजीवन राम | अनुसूचित जाति |
| 54. | कामरेड सुधीर मुखर्जी | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 55. | रविंद्रनाथ टैगोर | अनुसूचित जाति |
| 56. | ले. अरविंद दीक्षित | सामान्य |
| 57. | पं. भगवतीचरण शुक्ल | सामान्य |
| 58. | शहीद पंकज विक्रम | सामान्य महिला |
| 59. | मोरेश्वर राव गद्रे | सामान्य महिला |
| 60. | चंद्रशेखर आजाद | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 61. | पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी | सामान्य |
| 62. | शहीद राजीव पांडेय | सामान्य |
| 63. | शहीद ब्रिगेडियर उस्मान | सामान्य |
| 64. | डॉ. विपिन बिहारी सूर | अपिव महिला |
| 65. | महामाया मंदिर | अपिव महिला |
| 66. | वामनराव राव लाखे | सामान्य |
| 67. | भक्त माता कर्मा | सामान्य महिला |
| 68. | डॉ. खूबचंद बघेल | अपिव महिला |
| 69. | पं. माधवराव सप्रे | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 70. | संत रविदास | अन्य पिछड़ा वर्ग |

## नगर निगम पर 200 करोड़ का बिजली बिल बकाया फिल्टर प्लांट का 172 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के पास बिजली का बिल चुकाने पैसे नहीं हैं। अकेले फिल्टर प्लांट का 172 करोड़ का भारी भरकम बिजली बिल भुगतान नगर निगम ने नहीं किया है। इसके अलावा खारुन नदी में नालों के गंदे पानी को साफ करने के लिए स्थापित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का बिजली बिल सहित जोन व नगर निगम मुख्यालय भवन का बिजली बिल भुगतान लंबित है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि फंड नहीं होने से बिजली बिल का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसके लिए आवश्यक राशि उपलब्ध कराने निगम ने राज्य शासन को पत्र लिखा है।



▪ विद्युत विभाग को बिल चुकाने फंड नहीं, शासन को लिखा पत्र

शहरवासियों से 300 करोड़ की राजस्व वसूली करने वाले रायपुर नगर निगम के पास फिल्टर प्लांट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और नगर निगम के विभिन्न जोनों व मुख्यालय के बिजली बिल का भुगतान करने फंड नहीं है। इसके कारण विद्युत विभाग के 200 करोड़ के बकाया बिजली बिल भुगतान नहीं हो रहा है। इसके लिए विद्युत विभाग की ओर से निगम मुख्यालय को बिजली बिल का भुगतान करने समय-समय पर नोटिस दिया गया है, पर फंड नहीं होने से नगर निगम को भारी ▶▶|शेष पेज 11 पर

#### शासन को फंड के लिए भेजा है पत्र

*नगर निगम के बकाया बिजली बिल भुगतान के लिए राज्य शासन के पास फंड की मांग करते हुए पत्र भेजा गया है। निगम अपने संसाधन से भी बिजली बिल भुगतान की व्यवस्था करता है। फंड मिलते ही बकाया बिजली बिल राशि के भुगतान की व्यवस्था की जाएगी।*
*- **विनोद पांडे**, अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर*

### फिलहाल 21 दिसंबर तक राहत

## नए साल में दिखेगा 'ला नीना' का नया रूप, जनवरी में कड़ाके की ठंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कड़ाके की ठंड से बदली-बारिश ने छत्तीसगढ़ के लोगों को राहत दिलाई है। गुरुवार को प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में 2 से 4 डिग्री तक की वृद्धि तापमान में दर्ज की गई है। 21 दिसंबर तक प्रदेश में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान ठंड में कमी आएगी। इसके बाद तापमान में 1 से 2 डिग्री की क्रमिक गिरावट आएगी। हालांकि दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में पहले पखवाड़े जितनी ठंड नहीं पड़ेगी। हाड़ कंपाने वाली ठंड के लिए जनवरी का इंतजार करना पड़ेगा। गौरतलब है कि समुद्र के ऊपर बनने वाले सिस्टम ला नीना के कारण इस बार पिछली सर्दियों की तुलना में अधिक ठंड ▶▶|शेष पेज 11 पर

#### दक्षिण छग में छाए हुए हैं बादल

मौसम विभाग के अनुसार, एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके उत्तर दिशा में आगे बढ़ते हुए तटीय आंध्रप्रदेश की ओर आने की संभावना है। इन दोनों मौसमी तंत्र के प्रभाव से हवा की दिशा में परिवर्तन हुआ है, जिसके कारण दक्षिण छत्तीसगढ़ में बादल छाए हुए हैं। परिणामस्वरूप न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की प्रबल संभावना है। बिलासपुर संभाग के जिलों में आज बहुत हल्की वर्षा होने की संभावना है। 20 दिसंबर को रायपुर संभाग के पूर्वी जिले, जो ओडिशा से लगे हुए हैं।

### घटना का वीडियो सामने आया

## कोर्ट के चैंबर में डंडा लिए महिला ने वकील पर चूना फेंका, हमले की कोशिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोर्ट में वकीलों के चैंबर में एक महिला ने वकील पर चूना फेंक कर डंडे से मारने की कोशिश की। घटना का वीडियो सामने आया है। मौके पर उपस्थित लोगों ने महिला को पकड़कर डंडे से हमला करने से रोका। वकील पर हमला करने की वजह क्या थी, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है, महिला कोर्ट परिसर के ▶▶|शेष पेज 11 पर

▪ महिला ने वकील को डंडा से मारने कोशिश की, उपस्थित लोगों ने महिला को पकड़ा

#### जादू टोने के डर से मंदिर दर्शन करने पहुंचे वकील

वकील के अनुसार घटना के बाद उन्होंने महिला के बारे में जानकारी जुटाने अपने जूनियरों को भेजा। जूनियरों ने बताया कि महिला इसके पूर्व भी इस तरह से लोगों पर कथित तौर पर जादू टोना करने चूना, नींबू फेंक देती है। घटना के बाद शाम को घर लौटने पर वकील बजरंग बली के मंदिर दर्शन करने के लिए गए और वहां हनुनाम चालीसा का पाठ किया।

#### सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत

कोर्ट परिसर में घटित घटना निंदनीय है। कोर्ट में हर तबके के लोगों की आवाजाही होती रहती है। कोर्ट में आने वाले लोगों के साथ वकीलों की सुरक्षा को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने की जरूरत है।
- **हितेंद्र तिवारी**, अध्यक्ष, रायपुर जिला बार एसोसिएशन

## पंजाब की विदेशी शराब का राजधानी में अवैध कारोबार, 47 लीटर जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में पंजाब की विदेशी शराब की जमकर तस्करी की जा रही है। आबकारी विभाग की छापा मार कार्रवाई में इसका खुलासा हुआ है। विभाग की टीम ने शहर के रामसागरपारा वार्ड-37 स्थित एक घर में छापा मारकर वहां से पंजाब में विक्रय होने वाली 29.25 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इसी प्रकार एक अन्य कार्रवाई में बूढ़ातालाब के पास एक दोपहिया सवार से 6.0 लीटर विदेशी शराब जब्त की है।

▪ आबकारी विभाग की टीम ने की कार्रवाई



आबकारी जिला उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि विभागीय टीम ने 18 दिसंबर को शहर के अलग-अलग दो जगहों पर छापा मारकर कर एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया था। इस गिरफ्तारी के बाद इन आरोपियों से पूछताछ की गई थी, जिससे शहर में अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले अन्य दो ▶▶|शेष पेज 11 पर

### शैक्षणिक सत्र 2025-26 से लागू करने भेजा गया प्रस्ताव

## पहली से पांचवीं कक्षा तक द्विभाषिक होगी हिंदी की किताब, रायपुर के छात्र पढ़ेंगे छत्तीसगढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में पहली से पांचवीं कक्षा तक भाषा अर्थात हिंदी की किताब द्विभाषिक होगी। अर्थात हिंदी की किताब दो भाषाओं में होगी। एक पेज पर हिंदी में पाठ्य सामग्री होगी तो दूसरे पेज में छात्रों द्वारा घरों में संवाद के लिए प्रयोग की जाने वाली बोली में पाठ्य सामग्री का अनुवाद होगा। अब तक पहली और दूसरी कक्षा में ही लैंग्वेल की किताब दो भाषाओं में होती थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं अर्थात पहली से पांचवीं कक्षा तक विद्यार्थियों को उनकी मातृभाषा में अध्ययन का प्रावधान रखा गया है। इसके तहत ▶▶|शेष पेज 11 पर

▪ फिलहाल पहली और दूसरी कक्षा में ही दो भाषा में होती है 'लैंग्वेज सब्जेक्ट' की पढ़ाई




#### रखे गए थे तीन विकल्प

मातृभाषा में पढ़ाई संबंधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्देशों का पालन करने कई स्तर पर हुई चर्चा और बैठक के बाद यह अंतिम फैसला लिया गया है। इसके लिए तीन विकल्प रखे गए थे। पहले विकल्प में ▶▶|शेष पेज 11 पर

#### सर्वे के आधार पर चुनाव

कौन से जिले में छात्र कौन सी भाषा बोलते हैं, इसे लेकर सर्वे किया गया है। एससीईआरटी और समग्र शिक्षा द्वारा मिलकर यह सर्वे मोबाइल आधारित सिस्टम के जरिए किया गया। प्रदेश में 75 से अधिक बोलियां बोली जाती हैं। लेकिन इनमें से 16 ऐसी हैं, जो व्यापक पैमाने पर बोली जाती हैं। इन 16 बोलियों को ही द्विभाषिक किताब में जगह दी जाएगी। आदिवासी क्षेत्रों में गोंडी, हल्बी सहित अन्य बोलियां पढ़ाई जाएंगी। सर्वे में सामने आया है कि राजधानी रायपुर में अधिकतर छात्र मातृभाषा के रूप में घरों में छत्तीसगढ़ी ही बोलते हैं, इसलिए यहां के विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ी पढ़ाई जाएगी।



# अब रजिस्ट्री के साथ ही हो जाएगा नामांतरण, विधानसभा में राजस्व सहित चार विधेयक पारित

राज्य विधानसभा में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा के जवाब में कहा है कि धारा 110 में रजिस्ट्री के साथ नामांतरण की भी सुविधा है। भारत सरकार का भी निर्देश है कि भू-खंड अभिलेख अपडेट किया जाए और इसके लिए न्यायालय में प्रकरण लंबित न हो। उन्होंने कहा रिकार्ड अपडेट हो, जियो रिफरेंसिंग हो, ऐसे प्रकरण में रजिस्ट्री के साथ स्वतः ही नामांतरण हो जाएगा। इससे भूमि स्वामियों को राहत मिलेगी। रजिस्ट्री के बाद दो चार महीना जो चक्कर लगाते थे, समय और धन व्यर्थ जाता था, इस विधेयक के आने से समय की बचत होगी। यह विधेयक राजस्व विभाग में डिजिटालाइजेशन से संबंधित है। पक्ष विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक पर अपने विचार रखे और बाद में यह विधेयक बहुमत से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही चार अन्य विधेयक भी पारित किए गए।



## राजस्व में अब प्रौद्योगिकी का उपयोग

भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक में कहा गया है कि अर्जन के अधीन भूमि का बटांकन, छोटे टुकड़ों में अंतरण एवं भूमि के प्रयोजन में परिवर्तन के कारण भूमि अर्जन की लागत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस अप्रत्याशित विकास के परिणाम स्वरूप मूल भूमिस्वामी को समुचित लाभ होने के बजाय भूमि की खरीद-बिक्री में संलिप्त बिचौलियों और भू-माफियाओं द्वारा लाभ अर्जित किया गया है। वर्तमान समय में प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर त्वरित गति से संबंधित व्यक्ति को सूचना भेजना ताकि प्रकरण व मामलों के संबंध में सही समय पर समुचित जानकारी उपलब्ध हो। प्रकरण, मामलों का निपटान में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही आम नागरिकों को जमीन की खरीदी व बिक्री के बाद राजस्व रिकार्ड में सुधार करना सरल होगा।

## जमीन की खरीदी बिक्री बंद ऐसे होगी

चर्चा का जवाब देते हुए राजस्व मंत्री ने कहा कि कहीं कोई जमीन पर सरकारी परियोजना होने पर धारा 4 का प्रकाशन होता उसके बाद ही खरीदी बिक्री शुरू हो जाती है, इसमें एक बड़ी बात ये है कि शासन को किसी कार्ययोजना के संबंध में परियोजना के संबंध में जैसे किसी विभाग का कोई पत्र आता है, वैसे ही उस जमीन की खरीदी बिक्री, बंटवारा बंद हो जाएगा। उसी तरह धारा 172 में जिस जमीन पर सरकार जिसमें काम करना चाहती है, यदि उस उसका पत्र आता है, तो उस जमीन का डायवर्सन चाहे वह औद्योगिक हो या व्यावसायिक या आवासीय, ये सारे डायवर्सन बंद हो जाएंगे।

## अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितीकरण अधिनियम विधेयक पेश किया गया। विधेयकमें कहा कि नियमितीकरण के इस कार्य में अपेक्षित प्रतिक्रिया, विशेषकर पार्किंग के अंतर्गत अनधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए प्रावधानों में एकरूपता लाने के उद्देश्य से वर्ष 2011 के पहले एवं बाद में किए गए अनधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए भिन्न-भिन्न प्रावधान किए जाने को देखते हुए अधिनियम में संशोधन किए जाने से नियमितीकरण की प्रक्रिया का सरलीकरण हो सकेगा।

नेता प्रतिपक्ष महंत ने नक्सली घटनाओं पर किया सवाल

# नक्सली घटनाओं में आम लोगों की मौत के सवाल पर भड़के गृहमंत्री, पिछले सत्र में पूछा सवाल दोहराया, जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर







नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने गृहमंत्री विजय शर्मा से प्रश्न पूछा कि 1 जुलाई से 24 नवंबर 2024 तक नक्सली घटनाओं में 24 आम आदमियों की मौत आपने स्वीकार की है, इनमें से कितने जनप्रतिनिधि हैं, कितने बच्चे हैं, कितने आम लोग हैं, उनका नाम, पता और उम्र के बारे में जानकारी दे पाएंगे। गृह मंत्री विजय शर्मा ने चरण दास महंत के सवाल के जवाब में कहा, नक्सलवाद का दंश पूरा समाज झेल रहा है। 1995 में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत जब अविभाजित मध्य प्रदेश के गृह मंत्री थे, तब भी नक्सलवाद बड़ा मुद्दा था। जानकारी देने में कोई परेशानी नहीं है, लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। गृह मंत्री शर्मा ने कहा, 24 जुलाई को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने सवाल किया था, मेरी शंका है कि नक्सली बताने के लिए पुलिसवाले भरमार बंदूक को ले जाते हैं। उसकी बॉडी के साथ भरमार रख देते हैं। भरमार बंदूक जब्त हो जाता है और वह नक्सली हो जाता है। नेता प्रतिपक्ष ने इस तरह का आरोप जवानों पर लगाया था। सुरक्षा बलों पर लगाया था। विजय शर्मा ने सदन में पिछले प्रश्नों की सूची के बारे में बताते हुए आगे कहा कि सारे प्रश्नों की सूची मेरे पास है। कौन-कौन नक्सली है, कौन कहां है। बारूद असलहा किस माल खाने में रखा है। एक प्रश्न किया गया विधायक रेणु जोगी के माध्यम से, जिसे 29 फरवरी 2020 को पूछा गया, 15 फरवरी को 2021 को धनेंद्र साहू ने पूछा। गृह मंत्री के इतना बोलते ही सदन में हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया।

## अपने सवाल पर केंद्रित रहें : रमन



विधानसभा अध्यक्ष ने इस बीच गृहमंत्री को सवाल पर केंद्रित रहने को कहा, इसके बाद भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच काफी हंगामा हुआ। विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने विजय शर्मा को कहा, आप गृह मंत्री हैं, इस बात का ध्यान रखें कि सदन में आसंदी द्वारा किसी निर्णय की चर्चा दोबारा नहीं की जाती। अपने सवाल पर केंद्रित रहें। विधानसभा अध्यक्ष की नसीहत के बाद सदन में गृहमंत्री विजय शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा, 25 नवंबर को नेता प्रतिपक्ष को इसकी पूरी जानकारी लिखित में दी जा चुकी है। आम लोगों के संबंध में पूरी सूची है। पुराने सवालों के जवाब की भी पूरी जानकारी है।

## भरमार को लेकर पुलिस पर शंका : महंत

विजय शर्मा के इस जवाब पर चरणदास महंत ने कहा, 25 नवंबर को जो सवाल का उत्तर भेजा था, जिसे आपका सिपाही मेरे बाहर सिपाही को देकर आया। क्या मेरे ऑफिस में दिया गया। मुझे अब तक जानकारी नहीं मिली। क्या इसके बारे में आपके पास कोई पावती है, इस वजह से इस बार भी सवाल किया। महंत ने कहा, मैंने पूछा था कि भरमार कहां से आते हैं। भरमार कैसे होता है, इसके बारे में सब जानना चाहते हैं। प्रदेश में कितने भरमार हैं, इसकी जानकारी आपको होनी चाहिए। जो नक्सली मारे गए, उनके पास 21 भरमार जब्त हुए हैं। मेरा आरोप ये नहीं है कि भरमार आप सप्लाई कर रहे हैं। मेरी पुलिस पर शंका है।

# राज्य स्थापना का 25वां साल मनेगा अटल निर्माण वर्ष के रूप में, अधोसंरचना विकास के लिए रहेगा समर्पित

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का 25वां वर्ष अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में साल के दूसरे अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान यह घोषणा की है। उन्होंने कहा, राज्य शासन तेज आर्थिक और सुधारवादी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। सड़क, पुल, अस्पतालों और रेल लाइनों में पूंजीगत व्यय के लिए पर्याप्त राशि प्रदान की जाएगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत किए गए 805 करोड़ 71 लाख 74 हजार 286 रुपए का द्वितीय अनुपूरक बजट आज विधानसभा में पारित किया गया। आज पारित हुए अनुपूरक बजट को मिलाकर चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के बजट का आकार कुल 01 लाख 55 हजार 580 करोड़ रुपए का हो गया है। इसमें मुख्य बजट के रूप में पारित 1 लाख 47 हजार 446 करोड़, प्रथम अनुपूरक बजट में 7 हजार 329 करोड़ रुपए और द्वितीय अनुपूरक बजट का 805 करोड़ 71 लाख 74 हजार 286 रुपए शामिल है।

## मोदी की गारंटी पर जनता को भरोसा



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है। सरकार बनने के 12 दिनों बाद ही मोदी की गारंटी के अनुरूप सरकार ने 12 लाख से अधिक किसानों को दो साल के बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रुपए का भुगतान किया। शपथ ग्रहण के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक में राज्य के 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास देने का निर्णय लिया गया। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से किसानों को 13 हजार 320 करोड़ रुपए भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषक मजदूर योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राशि का भुगतान सरकार जल्द करेगी।

## राज्य में 30 हजार करोड़ की सड़कों का काम जारी

वित्त मंत्री ने कहा है कि सड़क, पुल, अस्पतालों और रेल लाईनों में पूंजीगत व्यय के लिए पर्याप्त राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में 30 हजार करोड़ रुपए के सड़कों का काम आगे बढ़ रहा है। इनमें 4 राष्ट्रीय राजमार्गों को फोरलेन करने के साथ ही रायपुर के सरोना चौक, तेलीबांधा चौक और धनेली में फ्लाई ओवर के निर्माण शामिल है। श्री चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के अधोसंरचना की मजबूती के लिए भी हम पर्याप्त राशि दे रहे हैं। गीदम, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और मनेन्द्रगढ़ में 4 नए मेडिकल कॉलेजों के लिए 1280 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

# मंत्री ने कहा- अस्पताल में फायर सेफ्टी का ऑडिट कराना स्वास्थ्य विभाग के अधिकार क्षेत्र में नहीं





छत्तीसगढ़ विधानसभा में अस्पतालों में फायर सेफ्टी का मुद्दा गूंजा। भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री से 9 मीटर ऊंचे और 30 बिस्तरों वाले हॉस्पिटल में फायर सेफ्टी ऑडिट के बारे में जानकारी मांगी। उन्होंने पूछा कि प्रदेश में ऐसे कितने अस्पताल हैं, जो इस नियम के दायरे में आते हैं। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, अस्पताल में फायर सेफ्टी का ऑडिट कराना स्वास्थ्य विभाग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। गृह विभाग ही फायर सेफ्टी का ऑडिट करता है। स्वास्थ्य मंत्री के जवाब को सुनकर विधायक धर्मजीत सिंह और अजय चंद्राकर ने नाराजगी जताई। विधायकों ने स्वास्थ्य मंत्री से ही पूछा कि जब स्वास्थ्य विभाग में फायर सेफ्टी ऑडिट नहीं आता है, तो इस सवाल को स्वास्थ्य विभाग ने स्वीकार ही क्यों किया। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, 9 मीटर ऊंचे और 30 बिस्तर वाले कई अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के भी हैं, इसलिए सवाल को स्वीकार किया गया।

## जो अस्पताल मापदंड में खरे न उतरें, उन्हें बंद करें

मामले में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने विधायकों और स्वास्थ्य मंत्री को बीच में रोका, इसके बाद अस्पतालों की संख्या उपलब्ध कराने के निर्देश मंत्री को दिए। विधायक धर्मजीत सिंह ने अस्पतालों का फायर ऑडिट किसी सक्षम अधिकारी से कराने को लेकर सवाल पूछा। उन्होंने आरोप लगाया कि बाजार में फायर सेफ्टी का सर्टिफिकेट बिकता है, इसलिए जरूरी है कि सक्षम अधिकारी की निगरानी में पूरी जांच हो और जो भी अस्पताल मापदंड पर खरे ना उतरें उन्हें बंद कर दिया जाए।

## नर्सिंग होम एक्ट में संशोधन को लेकर पूछा सवाल

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इस दौरान पूरक प्रश्न करते हुए कहा, क्या सरकार नर्सिंग होम एक्ट में संशोधन करेगी। जो प्रावधान किया है,उसमें फायर सेफ्टी को भी जोड़ा जाएगा। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में आग लगी थी, जिसमें ये बात सामने आई थी कि जो अग्निशमन उपकरण रखे हुए थे वो एक्सपायर हो चुके थे। यही नहीं फायर सेफ्टी को लेकर किसी भी तरह के कोई त्वरित इंतजाम नहीं थे। ऐसे में ये सवाल उठने लगे थे कि जब सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों का ये हाल है तो पूरे प्रदेश में जितने भी अस्पताल हैं उनमें फायर सेफ्टी को लेकर क्या प्रबंध किए गए हैं।

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला - रायपुर तहसील- रायपुर प.ह.न.-00078 धरमपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CG-2024-25-110-1-2229

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00078 के अंतर्गत ग्राम **धरमपुरा** के वर्तमान भूमिस्वामी **अक्षय कुमार पिता/पति - नरेंद्र पाल त्यागी पता - फ्लैट नंबर 201 भारत कुटीर नियर साई उद्यान रोहटा रोड मेरठ** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **255/12(0.0465)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **रजत नंदी पिता/पति-मोरीस तुषार नंदी पता - सत्या निवास राजेंद्र पार्क के पास महावीर नगर रायपुर छ.ग.** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23/12/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.12.2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार :
Pawan kosma
तहसील रायपुर
मुहर

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**
**फार्म "अ"**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री नारायण ध्रुव पिता स्व. श्री सनद ध्रुव निवासी वार्ड नं. 51 पचपेड़ी नाका पंचू प्रोविजन स्टोर के पास लक्ष्मी नगर प्रिंस कालोनी जिला रायपुर एवं कु. चांदनी साहू पिता श्री श्याम लाल साहू निवासी म.नं. 706 भवानी नगर बोरियाखुर्द जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 15 जनवरी 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
विवाह अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

# आईपीएस जीपी सिंह बहाल, गृह विभाग ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस विभाग के सीनियर आईपीएस अफसर जीपी सिंह का गृह विभाग ने गुरुवार को बहाल करने आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि श्री सिंह को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार की अनुसंसा पर 21 जुलाई 2023 को सेवानिवृत्त किया था।

सेवानिवृत्त किए जाने के बाद श्री सिंह ने कैट में फैसले के खिलाफ याचिका दायर की थी। कैट में बहाली का आदेश मिलने के बाद राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के साथ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने श्री सिंह के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद गृह विभाग ने जीपी सिंह की बहाली का आदेश जारी किया है।

- सुप्रीम कोर्ट से फैसला आने के बाद गृह विभाग ने जारी किया आदेश

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती सरकार ने जीपी सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आपराध दर्ज किया था। जांच के दौरान श्री सिंह के निवास से कथित तौर पर सरकार गिराने की साजिश रचने के दस्तावेज बरामद करने का दावा करते हुए जीपी सिंह के खिलाफ कोतवाली थाना में राजद्रोह का मुकदमा कायम किया गया। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने सभी मामले खारिज कर जीपी सिंह के पक्ष में फैसला सुनाया।

# साव पर साय ने भरोसा जताया, उसे साबित भी किया साव ने, संकटमोचक के रूप में उभरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगी उपमुख्यमंत्री अरुण साव पर जो भरोसा जताया था, श्री साव उस पर पूरी तरह खरे उतरे हैं। मामला ये है कि राज्य में धान की कस्टम मिलिंग से संबंधित मुद्दों को लेकर पूरे प्रदेश के मिलर अपनी मांगें मंगवाने के लिए अड़े हुए थे, लेकिन बात नहीं बन रही थी। यह मुद्दा छत्तीसगढ़ में तेजी से गरमाया था। इसी बीच भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन भी यहां आए और मामले को सुलझाने की रणनीति बनाई। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने इस मसले का समाधान करने की पहल की और पूरी तरह सफल भी रहे। अब उन्हें सरकार के संकटमोचक के रूप में भी देखा जा रहा है।

खास खबर

छत्तीसगढ़ में भाजपा की राजनीति में किसी समय श्री साव को मुख्यमंत्री श्री साय के प्रतिद्वंद्वी के रूप में भी देखा जाता रहा है, लेकिन वे उप मुख्यमंत्री के रूप में श्री साय के प्रतिद्वंद्वी नहीं सहयोगी साबित हुए हैं। दरअसल राज्य में धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 14 नवंबर से खरीदी शुरू होने के पहले से राज्य के मिलर अपने चार हजार करोड़ के बकाया भुगतान, परिवहन दर, प्रोत्साहन राशि सहित अन्य मुद्दों को लेकर आंदोलित हो रहे थे। इन लोगों ने सरकार से बातचीत की, लेकिन बात बनी नहीं थी। इसी बीच मुख्यमंत्री और मिलरों के बीच दो बार वार्ता भी हुई थी। सरकार ने भरोसा दिलाया था कि कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। इसके बाद दो बार कैबिनेट की बैठक हुई। एक बैठक में तय हो गया कि मिलरों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 80 रुपए प्रति क्विंटल राशि दी जाएगी। इसके बाद एक और कैबिनेट में तय हुआ कि मिलरों को उनकी बकाया रकम की पहली किस्त जारी की जाएगी, लेकिन ये सब होने के बाद भी मिलरों ने 12 दिसंबर से 20 दिसंबर तक सरकार से असहयोग का निर्णय लिया और कहा कि 20 दिसंबर तक मिलिंग का कोई काम नहीं करेंगे।

## बढ़ा था धान खरीदी बंद होने का खतरा

इसी बीच मिलरों के असहयोग आंदोलन की वजह से खरीदी केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो पा रहा था। इस बीच कई जिलों की सोसायटियों में धान का बफर स्टॉक भी लिमिट से तीन गुना हो रहा था। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी धान के उठाव को बड़ा मुद्दा बनाने में लग गई थी। कुल मिलाकर यह पूरा मामला राज्य सरकार के लिए एक फांस की तरह बन गया था। आशंका व्यक्त की जा रही थी कि इस सीजन में धान खरीदी से लेकर मिलिंग तक प्रभावित होगी, किसानों के साथ सरकार को भी बड़ा नुकसान होने वाला है।

## साय ने निकाला तोड़, दो दिनों में मिलर हुए राजी

इस बीच भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने यहां आकर धान के मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया और इसके समाधान के निर्देश दिए। इसका पूरा जिम्मा उप मुख्यमंत्री अरुण साव के जिम्मे आया। एक तरफ जिलों में मिलरों के यहां जांच पड़ताल शुरू हुई। इसके बाद सोमवार को मिलरों का एक समूह उपमुख्यमंत्री श्री साव से आकर मिला। इस दौरान मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी मौजूद थे। मिलरों ने मुलाकात के बाद कहा कि हमारी जितनी भी मांगें थीं, सभी को शासन ने संवेदनशीलता से सुना है और सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया है, छत्तीसगढ़ के मिलर शासन के आश्वासन से पूरी तरह संतुष्ट हैं। मिलरों के इस गुट के वापस आने के बाद भी छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन इससे सहमत नहीं था, लेकिन इसके अगले ही दिन मिलरों के दूसरे गुट (एसोसिएशन) ने भी सरकार पर भरोसा जताते हुए काम पर लौटने की घोषणा कर दी। राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि इस पूरे मामले में श्री साव की भूमिका संकटमोचक की रही है।

# वर्ष 2019 के पूर्व के वाहनों पर 19 मार्च 2025 तक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय परिवहन मंत्रालय के आदेश के बाद वर्ष 2019 के पूर्व पुराने सभी तरह के दोपहिया, चारपहिया वाहनों में अनिवार्य रूप से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य कर दिया है। नंबर प्लेट बदलवाने की नियत तिथि 19 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि में नंबर नहीं बदलवाने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, साथ ही उनसे जुर्माना राशि वसूल की जाएगी। राज्य में नंबर प्लेट लगाने मेसर्स रियल मेजान इंडिया लिमिटेड तथा मेसर्स रोसमर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड को ठेका दिया गया है। संबंधित वेंडरों ने अधिकृत ऑटो डीलरों को नंबर प्लेट बदलने एजेंट नियुक्त किया है। गौरतलब है कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के नाम पर स्थानीय स्तर पर नंबर प्लेट लगाने वालों द्वारा फर्जीवाड़ा किए जाने की खबर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद परिवहन विभाग के अफसरों ने नंबर प्लेट बनाने वालों के यहां दबिश दी। साथ ही उन्हें किसी तरह से फर्जी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने की चेतावनी दी है।

- समयसीमा पर नंबर प्लेट नहीं बदलवाने वालों पर लगेगा जुर्माना
- हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदलवाने घर बैठे मिलेगी सुविधा

## घर बैठे लगवा सकते हैं एचएसआरपी

वाहन मालिक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। साथ ही घर बैठे अपने वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवा सकते हैं। इसके लिए वाहन मालिकों को अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

## नंबर प्लेट बदलवाने इतना चार्ज

दोपहिया वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट शुल्क 365 रुपए, तीनपहिया के लिए 427 रुपए, चारपहिया के लिए 656 रुपए, भारी वाहनों के लिए 705 रुपए लगेंगे। साथ ही नंबर प्लेट फिटिंग करने अतिरिक्त सौ रुपए देने होंगे। घर बैठे नंबर प्लेट बदलवाने अतिरिक्त पांच सौ रुपए देने होंगे।

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला - रायपुर तहसील- रायपुर प.ह.न.-00062 रायपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202425440722600082

**ईश्तहार**

तहसील **रायपुर** के प.ह.न. 00062 के अंतर्गत ग्राम **रायपुर** के वर्तमान भूमिस्वामी **श्रीमती ज्ञानेश्वरी ठाकुर पिता/पति चतुर सिंह ठाकुर पता अश्वनी नगर रायपुर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **1074/38 (0.0090)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता **सुरेश सिंह ठाकुर पिता/पति स्व शेर सिंह ठाकुर पता अश्वनी नगर रायपुर छ.ग.** के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/12/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार :
Pawan kosma
मुहर
तहसील रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला - रायपुर तहसील- रायपुर प.ह.न.-00062 रायपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202425440722600072

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00062 के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी **श्रीमती ज्ञानेश्वरी ठाकुर पिता/पति-चतुर सिंह ठाकुर पता अश्वनी नगर रायपुर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1074/38 (0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता **स्वाति सिंह पिता/पति स्व. चतुर सिंह पता अश्वनी नगर रायपुर छ.ग.** के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/12/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/12/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार :
Pawan kosma
मुहर
तहसील रायपुर

**आम सूचना**

**वाके मौजा ग्राम दलदल सिवनी प.ह.नंबर 00041 रा.नि. मण्डल रायपुर - एक, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में वार्ड क्रमांक 26 कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के अंतर्गत स्थित खसरा नंबर 643/5 रकबा 0.0110 हेक्टेयर अर्थात 1250 वर्गफुट भूमि के संबंध में**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री भागबली साहू पिता श्री आदुराम निवासी शिवाजी नगर, दलदलसिवनी, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता (1) श्रीमती पार्वती ठाकुर पति स्व. शिवकुमार (2) श्री गणेश ठाकुर (3) राजेश ठाकुर (4) गीतांजली सेन तीनों पिता स्व. शिवकुमार सभी निवासी काली नगर, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम दलदलसिवनी प.ह. नंबर 00041 रा. नि. मण्डल रायपुर - एक, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में वार्ड क्रमांक 26 कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के अंतर्गत स्थित खसरा नंबर 643/5 रकबा 0.0110 हेक्टेयर अर्थात 1250 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि अदा कर दिया है मात्र उपरोक्त भूमि का बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, निगम, प्राधिकरण या मंडल आदि को किसी प्रकार की कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि के 05 (पांच) दिनों के भीतर मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावें। समयावधि बीतने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध एवं शुन्य समझी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होगी। तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लिया जायेगा।

सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 19/12/2024

**भूपेन्द्र सिंह (अधिवक्ता)**
**निवास एवं कार्यालय - न्यू कर्मचारी कालोनी, कुशालपुर रायपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल नंबर- 98935-43048**

**आम सूचना**

दिनांक 19/12/24

**(वाके मौजा दतरेंगा खसरा नं. 238/16 का भाग रकबा 1475 वर्गफीट भूमि के संबंध में)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्रीमान विमल शर्मा पिता राधेकृष्ण शर्मा एवं श्रीमती प्रियंका गोयल पिता बजरंग गोयल की स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि वाके मौजा दतरेंगा प.ह.नं. 84 रा.नि.मं. रायपुर एक तह व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 238/16 का भाग रकबा 1475 वर्गफीट भूमि को मेरा पक्षकार सैयद फिरोज अली ने क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि भुगतान कर दिया है अब मात्र विक्रय पंजीयन बैनामा का निष्पादन करना शेष है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से मेरा पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित भूमि को उपरोक्त विक्रेता से क्रय करने का सौदा हो चुका है यदि किसी आम जनता, व्यक्ति, बैंक, बीमा, कंपनी साहूकार शासकीय संस्था, अर्धशासकीय संस्था एवं निजि संस्था को उपरोक्त संव्यवहार से किसी को आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय के दिये गये पते में आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात दिया गया आपत्ति शून्य माना जावेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 19/12/24

**भवदीय**
**टी. एस. सेठ (अधिवक्ता)**
**कार्यालय / निवास - हरिभूमि प्रेस के पीछे शांति किराया भण्डार के सामने, छत्तीसगढ़नगर, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 9827482410**

**आम सूचना**

ग्राम छिंदोली, प.ह.नं.-21, रा.नि.मं.-झलप, तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. में स्थित भूमि मुख्यारनामा आम निरस्तीकरण के संबंध में आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार देवेन्द्र प्रसाद साहू पिता श्री भुनेश्वर साहू निवासी-ग्राम-छिंदोली, तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य हक की भूमि वाके मौजा- छिदोली, प.ह.नं.-21 रा.नि.मं.-झलप, तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1219/3 रकबा 0.5900 हे. भूमि स्थित है। मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि के संबंध में एक पंजीकृत मुख्यारनामा आम दिनांक 19.11.2024 को उपपंजीयक कार्यालय में रविशंकर देवांगन पिता श्री भूषण लाल देवांगन निवासी-गणेश नगर, रायपुरा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के पक्ष में निष्पादित किया गया था। जिसे मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक 17.12.2024 को आम मुख्यारनामा निरस्तीकरण उपपंजीयक कार्यालय रायपुर छ.ग. में पंजीकृत कराया गया है जिसका पुस्तक क्रमांक-4, ग्रंथ क्रमांक- 195, पृष्ठ क्रमांक- 275 से 288 विलेख क्रमांक- सी. जी. - 2024-25-106-4-368 देकर पंजीकृत किया गया है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सूचना दी जाती हैं कि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, साहूकार द्वारा उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का कोई सौदा लेन देन या संव्यवहार न करें। सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 19.12.2024

**भवदीय**
**पी.पी. साहू अधिवक्ता**
**बी-44, सेक्टर- 01, एकता नगर गुढ़ियारी, रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. - 9753179751**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला- रायपुर**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 19/12/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम माना प.ह.न.-80 रा.नि.मं-रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदकगण 01. पंकज केशवानी पिता दिलीप कुमार केशवानी, 02. मोहित केशवानी पिता प्रीतम दास केशवानी, 03. सागर केशवानी पिता सुनील केशवानी सभी निवासी 32 गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर वॉर्ड 28 रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर. 584/3 रकबा 0.3120 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.-/क/ वाचक/ अति. तहसीलदार/ 2024 रायपुर आदेश दिनांक-29/11/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक- 03/01/2025 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं. ....... / अ-74/
सारागांव दिनांक 11/12/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिलीप निषाद पिता स्व. बुधु राम निषाद निवासी- ग्राम जरौदा, रायपुर द्वारा द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय करने बाबत आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम जरौदा प.ह.न. - 11 रा.नि.मं. रायपुर 16 सारागांव, तहसील धरसींवा जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 75/22 शामिल 75/23, 548/15 रकबा 0.2100, 0.5670 हे. भूमि आवेदक एवं अन्य के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका गृह निवास में आगजनी हुई जिसमें घर के सामानों के साथ ऋण पुस्तिका भी जल गयी है। जिसके संबंध में शपथ पत्र पेश किया है। अतः आवेदित भूमि के संबंध में आवेदक द्वारा द्वितीय ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 23.12.2024 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.12.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार,
उप तहसील सारागांव
जिला - रायपुर छ.ग.

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती कुंजबती निषाद उम्र 60 वर्ष पति स्व. तेजराम निषाद निवासी गायत्री मंदिर के पास कुरूद सिलयारी थाना धरसीवा जिला रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं:-

01. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कुंजबती निषाद लिखा है जिसका आधार नं. 9881 7009 9138 है।
02. यह कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर लिस्ट मेरा नाम कुज्बती दर्ज है।
03. यह कि मेरे नाम से एक खाता आई.डी.बी.आई. बैंक शाखा कुरुद सिलयारी से जारी हुआ है जिसमें कुंजबती दर्ज है।
04. यह कि यह तीनों नाम मेरा है अर्थात एक ही व्यक्ति का नाम है मैं किसी भी तथ्य को छिपाई नहीं हूं। यह शपथ पत्र मैं उपरोक्त कथनों के समर्थन में संबंधित अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ता कुंजबती**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित कथन की कंडिका 1 से 4 में वर्णित कथन सत्य व सही है अतः आज दिनांक को मुकाम रायपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता कुंजबती.**
**दिनांक 19/12/2024**

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

मॉकड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ जिला, आंबेडकर, फायर ब्रिगेड की टीम की मशक्कत

# आंबेडकर अस्पताल के ऊपरी माले में आग की खबर से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कार्यालयीन समय में राज्य के सबसे बड़े सरकारी आंबेडकर अस्पताल परिसर के ऊपरी माले में आग लगने की खबर से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। देखते ही देखते आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन तथा जिला प्रशासन की टीम आग पर काबू पाने मौके पर पहुंची। अस्पताल पहुंचे लोग किसी तरह की अनहोनी की आशंका से घिरे हुए थे। अस्पताल पहुंचे लोगों को काफी देर बाद पता चला कि आग लगने पर बचाव करने किस तरह उपाय किए जा सकते हैं, इसके लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया है। अस्पताल में आग लगने की स्थिति में फायर के साथ एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीम आपस में कैसे सामांजस्य स्थापित कर आग पर काबू जल्द पा सकते हैं, इसके लिए मॉकड्रिल किया गया। मॉकड्रिल करने अस्पताल की ऊपरी मंजिल की एक खाली जगह पर आग लगाई गई। आग की लपटें उठती देख अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड तथा जिला प्रशासन की टीम को दी। आग लगने की सूचना मिलने पर सभी जिम्मेदार मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए।



### शार्ट ब्रीफिंग लेने के बाद आग पर काबू करने जुटे

*अस्पताल में आग लगने की सूचना मिलने के बाद रिस्पांस टाइम में पहुंची फायर फाइटर्स की टीम अस्पताल प्रबंधन से शार्ट ब्रीफिंग लेने के बाद आग पर काबू करने में जुट गई। आग लगने की जगह की पहचान कर फायर फाइटर्स आग लगने वाली जगह पर पहुंचे। आग की लपटें तेज होने की वजह से फायर फाइटर्स को अंदर दाखिल होने में परेशानी हुई। इसके बाद फायर फाइटर्स की टीम एंटी फायर किट पहन अंदर दाखिल हुई। इस दौरान मॉकड्रिल परेड में कुछ जवान मरीज बनकर घायल होकर स्ट्रेचर पर लेट गए, जिन्हें सीढ़ियों के माध्यम से नीचे उतारा गया और प्राथमिक जांच के लिए मेडिकल कैंप के भीतर लेकर गए।*

### रस्सी के सहारे छत से नीचे उतारा

*आग लगने पर सारे रास्ते ब्लाक हो जाने की स्थिति में मरीजों की किस तरह की जान बचाई जा सकती है, इसके लिए मॉकड्रिल में शामिल जवानों को मरीज बनाकर स्ट्रैचर तथा रस्सी के सहारे छत से नीचे उतारा गया। इस दौरान मरीज बने एक व्यक्ति को फोल्डिंग स्ट्रेचर में लिटाकर रस्सी के सहारे नीचे उतारा गया। इस दौरान लगातार फायर फाइटर्स वायरलेस के सहारे अंदर की स्थिति बताते रहे।*

### घायलों को ले जाने एंबुलेंस की व्यवस्था

मॉकड्रिल हूबहू लगे, इसके लिए आगजनी की घटना में घायल मरीजों को दूसरे अस्पताल शिफ्ट करने मौके पर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई थी। मॉकड्रिल के दौरान कुछ लोगों को एंबुलेंस से दूसरे अस्पताल भी शिफ्ट करने की प्रक्रिया अपनाई गई। मरीजों को सुरक्षित दूसरे अस्पताल शिफ्ट किया जा सके, उनके लिए अस्पताल परिसर में रास्ता क्लीयर कराने सिक्यूरिटी गार्ड के अलग से निर्देश दिए गए थे।

### माकड्रिल बहुत सफल रहा

अस्पताल में आग लगने पर किस तरह से निपटा जा सकता है, इसके लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर फाइटर्स के साथ आंबेडकर अस्पताल, जिला प्रशासन की टीम ने संयुक्त अभ्यास किया। मॉकड्रिल काफी सफल रहा। इस तरह के पब्लिक पैलेस में लगातार मॉकड्रिल की जा रही है। इसके पूर्व में रामकृष्ण केयर अस्पताल में मॉकड्रिल किया जा चुका है।

**- आजातशत्रु बहादुर सिंह,**
डायरेक्टर, एसडीआरएफ

## गृहमंत्री को तत्काल कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग



रायपुर। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संदर्भ में की गई टिप्पणी को लेकर भाजपा चौतरफा घिरी हुई है। देशभर में इसके विरुद्ध लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। बाबा साहेब को मानने वाले लोग अमित शाह से माफी की मांग कर रहे हैं। इसी बीच जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने गृहमंत्री श्री शाह को तत्काल कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग प्रधानमंत्री से की है।

## निधन

### शेषनारायण दीवान



रायपुर। समता कॉलोनी निवासी शेषनारायण दीवान (धूसेरा वाले) का 19 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 दिसंबर को सुबह 9 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्वप्नेष शर्मा और सौम्य शर्मा के पिता थे।

### चतुरु राम वर्मा



रायपुर। ग्राम संकरी निवासी चतुरु राम वर्मा का 19 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 दिसंबर, शुक्रवार को गृह ग्राम संकरी (हथबंध) में किया जाएगा। वे राजाराम वर्मा, गणेश वर्मा, रमेश वर्मा के पिता थे।

### उषा किरण शर्मा



रायपुर। अग्रोहा कॉलोनी रायपुरा निवासी उषा किरण शर्मा (चचेड़ी वाले) का 19 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 दिसंबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे वरिष्ठ पत्रकार हरीश तिवारी, कल्याणी पांडे, कात्यायिनी तिवारी, गिरीश तिवारी की माता थीं।

## जेठ ने बहू से मांगी कान पकड़कर माफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने अपनी बहू से अपने दुर्व्यवहार के लिए कान पकड़कर माफी मांगी। आयोग में यह पहला प्रकरण नहीं है, जिसमें किसी आरोपी को अपनी गलती या अपराध के लिए कान पकड़कर माफी मांगनी पड़ी हो। आयोग इससे पूर्व भी कई प्रकरण में अनावेदकों से कोर्ट में माफी मंगा चुका है। आयोग की इस तरह से प्रकरणों का निराकरण करने पर पीड़ित महिलाएं खुशी के साथ संतुष्टी भी जाहिर कर चुकी हैं। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक सहित अन्य सदस्यों ने गुरुवार को दुर्ग में महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रेरणा सभा कक्ष महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक प्रकरण में एक महिला ने अपने जेठ पर गाली-गलौच कर आपत्तिजनक बातें कहने का आरोप लगाया था, जिसकी ऑडियो रिकार्डिंग सबूत के तौर पर सुनवाई के दौरान आवेदिका ने पेश किया। इस रिकार्डिंग को सुनने के बाद आयोग ने अनावेदक को फटकार लगाई और सबसे के सामने आवेदिका से कान पकड़कर माफी मांगने कहा।

## श्रीमद भागवत कथा 2 जनवरी से, पहले दिन निकलेगी शोभायात्रा

रायपुर। मिरानी ग्रुप द्वारा जैनम मानस भवन में सात दिवसीय 2 से 8 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस भागवत कथा का कथावाचक विश्वविख्यात भागवताचार्य रमेश भाई ओझा होंगे। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि कथा का समय शाम 4 से 7.30 बजे तक होगा। कथा के पहले दिन 2 जनवरी को सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। सौम्याजी दीक्षित गोस्वामी 108 द्वारकेश लाल महाराज, मगनभाई राज्यगुरु मुंबई तथा अयोध्याधाम व अन्य प्रांतों से पधारे साधु-संतों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन शाम 4 बजे होगा। इसके बाद पूज्य भाईश्री द्वारा रसराज प्रभु की कथा अविरल 8 जनवरी तक प्रवाहित होगी। जिसमें हरेशभाई राज्यगुरु (ओ.काना) एवं नरेशभाई राज्यगुरु (मुंबई) प्रस्तुति देंगे।

## पेज 9 के शेष

### ऑनलाइन वर्क ठप...

नहीं हो पा रहे हैं। यही नहीं, ई-कोर्ट में पटवारियों का ऑनलाइन प्रतिवेदन नहीं मिलने से केस की सुनवाई भी नहीं हो पा रही है। इधर ऑनलाइन काम बंद होने से पटवारियों के दफ्तरों में अब सिर्फ मैनुअल काम लेकर ही लोग पहुंच रहे हैं, जिसके कारण पटवारियों के दफ्तरों में भी भीड़ बहुत कम देखी जा रही है। पटवारियों के ऑनलाइन काम का बहिष्कार किए चार दिन बीत चुके हैं। इन चार दिनों में भूमिया के माध्यम से किए जाने वाले ऑनलाइन काम भी लंबित पड़े हुए हैं। इसके कारण लोगों की परेशानी भी बढ़ने लगी है। ऑनलाइन काम नहीं होने के कारण अब लोग तहसील कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, जबकि दूसरी ओर प्रोटोकाल कार्यक्रम के साथ नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों में तहसीलदारों की ड्यूटी लगा दी गई है। इसके कारण तहसीलदार भी दफ्तरों में ज्यादा समय नहीं दे रहे हैं। इसके कारण लोगों के तहसील कार्यालय में भी ऑनलाइन काम नहीं हो पा रहे हैं। रायपुर तहसील कार्यालय में गुरुवार को ऑनलाइन काम कराने के लिए बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहा। इस दौरान कई तहसीलदार नगरीय निकायों के वार्डों के आरक्षण कार्यवाही में व्यस्त रहे, जिसके कारण लोगों को बैरंग लौटना पड़ा।

**रकबा त्रुटियां सुधर नहीं पा रही:** पटवारियों के ऑनलाइन काम बंद होने के कारण किसानों को भी परेशान होना पड़ रहा है। इन दिनों जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जन केंद्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है।

### नगर निगम पर...

भरकम बिजली बिल से अब तक राहत नहीं मिल पायी है। विदित हो कि नगर निगम के 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का पिछले 2 साल से भी अधिक समय का 20 करोड़ का बिजली बिल नगर निगम ने अब तक नहीं भुगतान नहीं किया है। इसी तरह पिछले 1 साल से भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट का एकमुश्त बिजली बिल का भुगतान लंबित है।

### पंजाब की विदेशी...

लोगों की जानकारी मिली। इस जानकारी के आधार पर टीम ने गुरुवार को रामसागरपारा स्थित दीपक खंडेलवाल के मकान में छापा मारा। इस दौरान मकान से रॉयल स्टैग एवं लायंस व्हिस्की शराब की 39 बोतल बरामद की गई, जिसकी कीमत 37 हजार 8 सौ रुपए आंकी गई है। सभी बोतलें पंजाब की हैं। उन्होंने बताया कि दूसरी कार्रवाई बूढ़ातालाब के पास की गई। यहां सतीश कौशल को दोपहिया वाहन में शराब ले जाते पकड़ा।

### कोर्ट के चैंबर में...

आसपास घूमती रहती है। महिला ने जिस वकील पर चूना फेंक कर हमला किया, उनका नाम धनेश विश्वकर्मा है। वकील के अनुसार वे अपने चैंबर में बैठे थे, इस दौरान उनके पास अलग-अलग मामलों के वादी-प्रतिवादी अपने प्रकरण को लेकर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान एक महिला शोर मचाते हुए उनके करीब पहुंची और चूना, नींबू निकालकर उन पर फेंकने लगी। विरोध करने पर महिला ने वकील पर डंडा से हमला करने की कोशिश की। मौके पर उपस्थित लोगों ने महिला के हाथ से डंडा छीन कर दूर किया। डंडा छीने जाने से नाराज महिला जोर-जोर से चिल्लाने लगी। वकील के अनुसार महिला मानसिक रूप से बीमार है। इसीलिए महिला के खिलाफ किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं करने वकील ने निर्णय लिया है।

### नए साल में दिखेगा...

पड़ रही है। इसका असर जनवरी में भी रहेगा। यही वजह है कि अगले माह कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। गुरुवार को राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री अधिक 29 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक 13.7 डिग्री दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान बलरामपुर में 5.5 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि 33.2 डिग्री के साथ सुकमा सर्वाधिक गर्म रहा। गुरुवार को आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन मौसम शुष्क रहा। कहीं भी बारिश की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

### पहली से पांचवीं कक्षा...

ही यह बदलाव किया जा रहा है। शिक्षा का माध्यम निर्धारण विषय पर दिसंबर के प्रथम पखवाड़े में बैठक आयोजित की गई थी। इसके बाद यह निर्णय लिया गया है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा इससे संबंधित प्रस्ताव भेज दिया गया है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद किताब निर्माण सहित अन्य प्रक्रियाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से त्वरित रूप से पहली कक्षा के लिए द्विभाषिक पाठ्यक्रम तैयार करने प्रस्ताव भेजा गया है। अगले शैक्षणिक सत्र में इसे केवल पहली कक्षा में लागू किया जाएगा।

### रखे गए थे...

केवल छात्रों द्वारा घर में बोली जाने वाली भाषा अथवा बोली में ही अध्यापन का प्रस्ताव रखा गया था। इसमें दिक्कत यह थी कि इतनी संख्या में संबंधित भाषा अथवा बोली के शिक्षक नहीं मिलते, इसलिए इसे अमान्य किया गया। दूसरे विकल्प के रूप में हिंदी के साथ ही छात्रों द्वारा घरों में प्रयोग की जाने वाली बोली अथवा भाषा को पढ़ाने का सुझाव रखा गया था, लेकिन एनईपी के तरह पढ़ाई का माध्यम छात्रों की मातृभाषा रखने कहा गया है ना कि उनकी मातृभाषा को पृथक विषय के रूप में पढ़ाने कहा गया है। इसलिए दूसरे विकल्प को स्वीकार नहीं किया गया। अंततः तीसरा विकल्प अपनाते हुए द्विभाषिक किताब का निर्णय लिया गया, ताकि छात्रों को उनकी भाषा में शिक्षा प्राप्त हो सके और शिक्षकों का संकट भी उत्पन्न ना हो।









## खबर संक्षेप



### गिरौदपुरी के जैतखाम की प्रतिकृति वाली झांकी के साथ निकाली शोभायात्रा

**रायपुर।** सतनामी समाज द्वारा खमतराई के सतनाम भवन में दो दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को सुबह 8 बजे से मंगल भजन और पंथी नृत्य के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दोपहर 2 बजे सतनाम भवन में स्थित जोड़ा जैतखाम व गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना कर मंगल आरती की गई। इस मौके पर जय सतनाम के जयकारे के साथ सात श्वेत ध्वज वाहक संतों की अगवाई में शोभायात्रा उत्साह के साथ निकाली गई । समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत आमंत्रित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यनाम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजमहंत सुन्दर लाल लहरे ने की। जयंती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष सुरेश लहरे, सचिव गोविंद सोनवानी, अगरलाल लहरे, मिनीमाता महिला समिति की प्रमुख गिरिजा टण्ड, लता सोनवानी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### व्यावसायिक शिक्षा परियोजना की 121 सीटों के आवंटन में अनियमितता का आरोप

**रायपुर।** केंद्र सरकार की नवीन व्यावसायिक शिक्षा परियोजना के तहत एक कंपनी को 121 सीटों के आवटन में अनियमितता का आरोप लगा है। सेजबहार रायपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष अग्रवाल ने समग्र शिक्षा विभाग के प्रबंध संचालक को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि 121 सीटों का आवंटन बिना सूचना निविदा निकाले तथा अन्य चयन की प्रक्रियाओं का पालन किए बिना आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि कंपनी का पूर्व में भी कार्य संतोषजनक नहीं रहा है, फिर भी शाखा प्रमुख ने प्रत्येक सीट पर 15 हजार रुपए लेकर चयन प्रक्रिया में सिर्फ कंपनी को ही ढील देकर सभी सीटों को आवंटित कर दिया है।

### धन्नू बने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, संदीप साहू और पवन साहू ने धन्नू साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ के पद से प्रमोट करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है, जिससे युवाओं में उत्साह का माहौल है। धन्नू साहू ने सभी का आभार प्रकट किया है।



### राजमाता अहिल्याबाई होलकर पर लिखित कॉमिक्स का विमोचन



**रायपुर।** पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म जयंती समारोह समिति, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शहर के पंडरी स्थित जागृति मंडल में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित प्रेरक प्रसंग पर कॉमिक्स पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने माता अहिल्याबाई होलकर के समग्र विकास के लिए किए गए कार्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर महादेव की भक्त थीं और सिंहासन पर शिवलिंग रखकर शासन किया तथा हिंदुओं के धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया। इसके बाद कॉमिक्स के लेखक और संपादक कार्टूनिस्ट त्र्यंबक शर्मा ने पुस्तक के विषय में बताया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महान राजमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन को कम पृष्ठों में तैयार करना अपने आप में एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा, परंतु उचित शोध और मार्गदर्शक मंडल के सहयोग से संपन्न हो पाया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अभय राम, सदस्य मनीष कश्यप, हेमंत सैनी, शुभम अग्रवाल आदि शामिल हुए।

# विधानसभा में सरकार को घेरने में अपने ही आगे, विपक्ष रह गया पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

विधानसभा में लग रहे सवालों में यह देखने में आया है कि अपनी ही सरकार के मामलों को भाजपा के वरिष्ठ विधायक दमदारी से उठा रहे हैं। यहां तक कि उनके सवालों से मंत्री भी घिरते नजर आ रहे हैं। यहां पर विपक्ष से ज्यादा धार अपनों के सवालों में नजर आती है। मंत्री भी उनके सवालों को पूरी तवज्जो दे रहे हैं और विभागीय प्रक्रियाओं के तहत मामले की समीक्षा और परीक्षण करने के लिए मजबूर हैं। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीन दिन की कार्रवाई देखी जाए तो भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के सवालों पर ही पूरे सदन में चर्चा रही।

विधानसभा चुनाव में भाजपा के कई वरिष्ठ विधायक चुनाव जीतकर आए हैं। इन विधायकों ने पूर्व की सरकार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नई सरकार बनने के बाद उन्हें उम्मीद थी, उन्हें कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलेगी, पर ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में उन्होंने सरकार के कामकाज पर बारीकी से नजर रखनी शुरू की। प्रदेशभर में हो रहे निर्माण कार्य और उनमें गड़बड़ी के मामलों को विधानसभा में उठाकर प्रशासनिक खामियों को सामने लाने का काम कर रहे हैं। मंत्री उनके सवालों पर जवाब नहीं दे पा रहे हैं। तथ्यों सहित उठ रहे मामलों में मंत्रियों को सीधे तौर पर जांच के आदेश देने मजबूर होना पड़ रहा है। चालू सत्र में तीन दिन की कार्रवाई देखें तो पता चलता है कि भाजपा विधायकों के सवालों पर ही सदन में घोषणाएं करनी पड़ीं। विपक्ष यहां उनके सामने फीका नजर आ रहा है।

## विधानसभा में भाजपा विधायक पड़ रहे मंत्रियों पर भारी

### स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मामला



स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के मामले में राजेश मूणत और नए विधायक सुनील सोनी ने जमकर तेवर दिखाए। उन्होंने मंत्री को अपने सवालों से ऐसा घेरा कि उन्हें इसे स्वीकार करते हुए पूरे मामले का परीक्षण और मौके पर जांच कराने की बात कहनी पड़ी। राजधानी में हमर अस्पतालों के भवन बनाने के बजाय सामुदायिक भवन में संचालित करने का मामला भी सामने आया। यह मामला भी भाजपा के श्री मूणत ने ही उठाया। मामले में स्वास्थ्य मंत्री को जांच का आदेश देना पड़ा।



### धर्मजीत भी नहीं रहे पीछे

भाजपा के वरिष्ठ विधायक धर्मजीत सिंह अपने चुटीले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अस्पतालों में फायर आडिट न कराने को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को ऐसा घेरा कि वे जवाब नहीं दे पाए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को उनके बचाव में सामने आना पड़ा। आडिट कब कितने अस्पतालों में हुआ और उनकी संख्या क्या है, अफसर इसे नहीं बता पाए।

### सड़क निर्माण में गड़बड़ी



इस सत्र में पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने भी कड़े तेवर दिखाए। गुरुवार को सदन में दंतेवाड़ा में सड़क निर्माण में गड़बड़ी का लेकर गृहमंत्री को अजय चंद्राकर ने घेरा, उन्होंने भुगतान को लेकर सवाल उठाया। हालांकि पूरा मामला पूर्ववर्ती सरकार के समय का है, लेकिन इसमें जांच इस सरकार के समय हुई। तब पाया गया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा गया। ठेकेदार भी पूरे मामले में दोषी पाया गया। अफसरों को निलंबित करते हुए पूरे मामले की जांच की घोषणा करनी पड़ी।

### नए विधायकों ने भी दिखाए तेवर

राजधानी में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जों को लेकर सवाल उठे। राजस्व मंत्री ने उनके सामने सरेंडर होते हुए साफ कर दिया कि वे अकेले यह हटाने में सक्षम नहीं हैं। मंत्री को भाजपा के वरिष्ठ विधायकों ने घेरा और मजबूर किया कि पंजीयन के नियमों में परिवर्तन करने के बाद ही पूरा मामला हल होगा। सदन में इसकी घोषणा करनी पड़ी। विधानसभा में नए विधायकों में सुशांत शुक्ला और अनुज शर्मा ने भी तेवर दिखाए।

### जल जीवन मिशन पर कौशिक ने घेरा



विधानसभा सत्र के दूसरे दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने जल जीवन मिशन में चल रही अनियमितताओं को सामने लाया। उनके सवालों का विभागीय मंत्री कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। तथ्यों को लेकर उन्हें जांच के लिए सहमत होना पड़ा। उन्होंने बिलासपुर और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से काम पाने वाले ठेकेदारों का मामला उठाया। इसके पूर्व पहले दिन पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने जल जीवन मिशन की कार्यप्रणाली पर ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया। बिना जल स्रोत के टंकी और पाइप लाइन बिछाने के मामले में मंत्री को कड़ा एक्शन लेने मजबूर किया।

# कमेटी करेगी पार्षद प्रत्याशी के लिए मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- नगरीय निकाय चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की समिति गठित

आने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए समिति आम आदमी पार्टी द्वारा गठित की गई है। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की जल्द ही तारीख तय होने वाली है, इसी के मद्देनजर प्रदेश में आम आदमी पार्टी ने मशक्कत शुरू कर दी है। गुरुवार को आम आदमी पार्टी द्वारा 25 सदस्यों की एक प्रदेश स्तरीय चुनाव समिति का गठन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश संगठन महासचिव जसबीर सिंह, प्रदेश महासचिव वदूद आलम और सूरज उपाध्याय की अनुशंसा पर गठित समिति प्रदेश के सभी वार्डों के आरक्षण को ध्यान देते हुए समिति जल्द ही सभी संभावित दावेदारों की सूची प्रदेश कार्यालय को सौपेंगी।

### कमेटी में इनके नाम

राजधानी के सभी 70 वार्ड में आम आदमी पार्टी अपने प्रत्याशी उतारेगी अथवा कुछ वार्ड में ही फोकस करते हुए प्रत्याशी उतारे जाएंगे, इसे लेकर अंतिम फैसला नहीं हो सका है। प्रत्याशियों की स्थिति तथा जीत की संभावना देखते हुए मंथन के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गठित की गई कमेटी में राजेंद्र बहादुर, दुर्गा झा, देवलाल नरेटी, बल्लू राम भवानी, मिथलेश बघेल, अरुण नायर, आदित्य मिश्रा, तेजेंद्र तोडेकर, संजीत विश्वकर्मा, एमएम हैदरी सहित 25 नाम हैं। प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू का कहना है कि आगामी नगरीय निकाय चुनावों मे पार्टी पूरी दमदारी से प्रदेश में चुनाव लड़ेगी और शानदार सफलता हासिल करेगी।

## भाजपा नेताओं ने कहा- कांग्रेस अपराध की चिंता करने का दिखावा करती है

# कांग्रेस नेताओं के बयान से साफ, बलौदा बाजार कांड में उनकी पार्टी की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय ने कहा, कांग्रेस की विधायक उत्तरी जांगड़े द्वारा अन्य विधायक उमेश पटेल, राम कुमार यादव, चतुरी नंद, कविता प्राण लहरे की उपस्थिति में बलौदा बाजार की आगजनी की घटना को कांग्रेस का शौर्य उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने कार्यकर्ताओं से ऐसा ही प्रदर्शन करने के लिए कहना छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे अपराध के पीछे विशेषकर बलौदाबाजार अग्निकांड में कांग्रेस की भूमिका की आत्म स्वीकृति है।

गुरु खुशवंत ने कहा, यह स्पष्ट करता है कि कांग्रेस अपराध की चिंता करने का दिखावा करती है और सभी मामलों में षड्यंत्र करके छत्तीसगढ़ की फिजा खराब करने का प्रयत्न करती है। कांग्रेस ने सामाजिक कार्यक्रम में असामाजिक तत्वों को घुसा कर समाज को बदनाम करने का षड्यंत्र किया अब फिर वह वही षड्यंत्र कर रही है इसके लिए उन्हें समाज से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, राजीव मितान क्लब बंद होने पर भूपेश बघेल का यह बयान की युवा खाली हो गए हैं इसलिए प्रदेश में बलात्कार और हत्या की घटनाएं व अपराध बढ़ रहे हैं। इससे साफ है कांग्रेस ने अपराधियों को संरक्षण देकर रखा था। शिक्षक दिवस के दिन बलौदाबाजार के हेड मास्टर पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के पर पैसा ऐंठने का आरोप लगाकर आत्महत्या कर लेते हैं। सूरजपुर में एक पुलिस हेड कांस्टेबल की पत्नी और मासूम बच्ची की हत्या के मामले में कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के पदाधिकारी कुलदीप साहू की संलिप्तता सामने आई थी।



- बलौदाबाजार अग्निकांड में कांग्रेस की भूमिका की आत्म स्वीकृति

### रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा छत्तीसगढ़ की एक और ऊंची उड़ान



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा के शुरू होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री देव ने कहा, सरगुजा को हवाई यात्रा सेवा से जोड़ने की मांग एक लंबे अरसे से की जा रही थी, जिसे प्रदेश की संवेदनशील भाजपा सरकार ने साकार करके दिखाया है। यह छत्तीसगढ़ की एक और ऊंची उड़ान है और अंबिकापुर समेत सरगुजा संभाग के आधा दर्जन जिले इस हवाई यात्रा सुविधा से लाभान्वित होंगे। श्री देव ने कहा, यह नई विमान सेवा न केवल इन शहरों के बीच की दूरी कम करेगी, बल्कि पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसरों का निर्माण करेगी, साथ ही क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। श्री देव ने बताया, अंबिकापुर को रायपुर के अतिरिक्त वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली एवं कोलकाता से जोड़ने का प्रयास जारी है।

# बृजमोहन बोले- जैव-सीएनजी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ में जैव-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना से राज्य में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है। यह न केवल पर्यावरणीय लाभ प्रदान कर रहा है, बल्कि कृषि अवशेषों और गोबर जैसे संसाधनों के उपयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है।

श्री अग्रवाल ने बताया, उन्होंने छत्तीसगढ़ में सीएनजी संयंत्रों को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों को ध्यान में रखते हुए उठाए गए कदमों की लोकसभा में जानकारी मांगी थी। इस पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया, छत्तीसगढ़ में जैव-सीएनजी (सीबीजी) संयंत्रों की स्थापना के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम कर रही हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2024-30 की नवीनतम औद्योगिक नीति के तहत बायो-सीएनजी संयंत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए कई वित्तीय और अन्य सुविधाएं प्रदान की हैं। इनमें विद्युत शुल्क, स्टांप शुल्क, और पंजीकरण शुल्क में छूट शामिल है। गोबरधन पोर्टल के अनुसार, छत्तीसगढ़ में अब तक 18 सीबीजी परियोजनाएं पंजीकृत की गई हैं, जिनमें से एक परियोजना कार्यरत है और तीन निर्माणाधीन हैं। प्रत्येक संयंत्र स्थानीय स्तर पर लगभग 25 प्रत्यक्ष और 50 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करता है। इसके साथ ही, स्थानीय निर्माण और सहायक कार्यकलापों में भी लोगों को रोजगार मिल रहा है।

# बीएड अभ्यर्थियों की गुहार सड़क पर आ जाएगा परिवार



- बीएड अभ्यर्थियों को मिला अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक संघों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलनरत बीएड अभ्यर्थियों के समर्थन में अब अधिकारी -कर्मचारी संघ, राजपत्रित संघ और शिक्षक संगठन भी सामने आ गए हैं।

सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर गुरुवार से तूता में बीएड अभ्यर्थी बैठ गए हैं। धरना देने से पहले वे अपनी मांगों को लेकर सरगुजा से रायपुर तक पद यात्रा भी निकाल चुके हैं। धरने में बैठे सहायक शिक्षकों का कहना है कि हमारी नियुक्ति भारत सरकार के राजपत्र और छत्तीसगढ़ सरकार के भर्ती नियम के आधार पर हुई थी। अभ्यर्थी गाइडलाइन तय नहीं करते हैं। यदि हमें नौकरी से निकाल दिया जाएगा तो हमारा पूरा परिवार सड़क पर आ जाएगा। हमने लगातार जन प्रतिनिधि से मुलाकात कर अपनी समस्या को रखा है, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### अंबिकापुर से पैदल चलकर पहुंचे तूता

अधिकारी-कर्मचारी संगठन तथा राजपत्रित आधिकारी संघ के अध्यक्ष कमल वर्मा ने शासन से बीएड अभ्यर्थियों के योग्यता के अनुरूप समायोजन की मांग की। 350 किमी यात्रा करके देर रात राजधानी पहुंचने पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने भी अपने संघ का पूरा समर्थन,सहानुभूति बीएड अभ्यर्थियों के प्रति दिखाई। अम्बिकापुर से पैदल चल कर तूता पहुंचे इन सहायक शिक्षकों का कहना है कि यदि शासन द्वारा सेवा-सुरक्षा के विषय में कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया जाता, तो यह तीन दिवसीय धरना अनिश्चितकालीन हड़ताल का रूप ले सकता है।

# डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदले जाने से मनवा कुर्मी समाज नाराज





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/तरपोंगी

- राजधानी में किया प्रदर्शन, प्रदेशभर से जुटे हजारों प्रतिनिधि
- मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रदेश शासन द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना का नाम बदले जाने को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज सहित सर्व छत्तीसगढ़िया समाज नाराज है। गुरुवार को प्रदेशभर से विभिन्न समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में राजधानी पहुंचे और नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। साथ ही योजना का नाम बदले जाने का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज सहित सतनामी समाज, धोबी समाज, सेन समाज, साहू समाज, चंद्राकर समाज सहित सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के प्रतिनिधि शामिल रहे। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदला जाना छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक डॉ. खूबचंद बघेल का ही नहीं, अपितु मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज सहित सर्व छत्तीसगढ़िया समाज का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन का ऐसा अनपेक्षित निर्णय प्रदेश के महापुरुषों के गौरव एवं स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने के साथ ही उनकी अस्मिता को मिटाने की साजिश है।

### ये रहे शामिल

धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप, मन्नूलाल परगनिया संरक्षक, रघुनंदन लाल वर्मा केंद्रीय सलाहकार छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज, सर्व छत्तीसगढ़ समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज प्रतिनिधि, मनवा कुर्मी समाज के महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, उपाध्यक्ष मोतीराम वर्मा, कोषाध्यक्ष जागेश्वर बघेल, राजप्रधान नीलमणि परगनिहा धरसींवा, ठाकुरराम वर्मा तिल्दा, जागेश्वरवर्मा रायपुर, हरिराम वर्मा अर्जुनी, रामखिलावन वर्मा पलारी, सुनीता वर्मा बलौदाबाजार, चिंताराम वर्मा चंदखुरी, सत्यभामा परगनिहा धमधा, ईश्वरी वर्मा दुर्ग, युगल किशोर आदिल पाटन शामिल रहे। इस मौके पर महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, कमल वर्मा सर्व कुर्मी समाज सहित सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभा का संचालन सुनील नायक राज सचिव रायपुर राज, श्रद्धा नायक महिला महामंत्री, आलोक वर्मा युवा महामंत्री ने किया।

# कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने निकले भाजयुमो की पुलिस के साथ झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खड़गे का जलाया पुतला

केंद्र गृहमंत्री अमित शाह के बारे में वीडियो प्रसारण कर उनको बदनाम करने के लिए कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी का भारतीय जनता युवा मोर्चा रायपुर के जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया। इसी के साथ कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने निकले, तो रास्ते में पुलिस के साथ जमकर झूमाझटकी भी हुई।

कांग्रेस कार्यालय घेराव करने निकले भाजयुमो कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच सप्रे मैदान के बीच झूमझटकी हुई, जिसके बाद वहीं पर कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला दहन किया गया। गोविंदा गुप्ता ने कहा, कांग्रेस ने माफी नहीं मांगी, तो इससे भी उग्र प्रदर्शन पूरे जिले व प्रदेश में किया जाएगा। इस प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश मोहरे, प्रदेश मंत्री प्रखर मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास मित्तल, जिला महामंत्री अर्पित सूर्यवंशी, अनवेस पांडेय, शंकर साहू, योगी साहू, मनीष साहू, कृष्णा देवांगन, अनिल शर्मा, सोनू यादव, अमित सिंघल, खिलेंद्र मिश्रा, रवि सोनकर, विजय लेहरवानी, विशाल शुक्ला, शांतनु सोनी, जितेंद्र साहू, भरत कुंडे, संभव शाह, विकास पांडे, कृष्णा यादव, साजन सोनू राजपूत, सुब्रतो साहू आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कस्टम मिलिंग का भुगतान दो हिस्सों में मिलेगा, नीति में हुआ ये नया बदलाव

- डिलीवरी आदेश के बाद 10 दिनों में उठाव जरूरी
- मिलरों को क्षमता का 75 प्रतिशत धान ही मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में धान की कस्टम मिलिंग के लिए बनाई गई 2024-25 की मिलिंग नीति में मिलरों को किए जाने वाले भुगतान को लेकर नया बदलाव किया गया है।

अब मिलरों द्वारा न्यूनतम दो माह की क्षमता या जिले में उपलब्ध या अंतर जिला में आवंटित धान की मात्रा के आधार पर कस्टम मिलिंग करने पर इस राशि की दर से 50 प्रतिशत राशि का भुगतान कस्टम मिलिंग शुल्क के साथ किया जाएगा। शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान केंद्रीय पूल में निर्धारित लक्ष्य की पूरी मात्रा जमा होने के बाद किया जाएगा। राज्य सरकार ने कस्टम मिलिंग पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित मिलिंग दर के अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि 80 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अदा करेगी। इसके साथ ही कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया के संबंध में तय किया गया है कि कंप्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग कार्य पूरा किया जाएगा। मिलिंग प्रक्रिया के दौरान कंप्यूटरीकरण का काम प्रबंध संचालक मार्कफेड की देखरेख में होगा। मिलिंग के लिए मिलरों का पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इशके साथ ही पंजीकृत मिलों को कस्टम मिलिंग की अनुमति कलेक्टर द्वारा दी जाएगी।

### अनियमितता की तो लगाया जाएगा प्रतिबंध



नीति में ये भी कहा गया है कि कस्टम मिलरों को उनकी वार्षिक क्षमता का केवल 75 प्रतिशत धान ही मिलिंग के लिए दिया जाएगा। आधुनिक मिलों और गैर व्यापारिक मिलों को मिलिंग के लिए धान देने में प्राथमिकता दी जाएगी। जिन मिलों के द्वार अनियमित तरीके से स्टॉक का परिवर्तित किया गया या उनके लॉट कई बार नान, एफसीआई में रिजेक्ट हुए हैं ऐसे मिलरों को केंद्रीय पूल के लिए कस्टम मिलिंग से प्रतिबंधित किया जाएगा।

### मिलों की बिजली खपत पर भी रहेगी नजर

कस्टम मिलिंग नीति में यह महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है कि सभी राइस मिल की मासिक खपत के डेटा और मिलों द्वारा प्रत्येक माह जमा कुल सीएमआर की एंट्री की जाएगी। यह डाटा एपीआई के माध्यम से सेंट्रल फुड प्रोक्योरमेंट पोर्टल को भी उपलब्ध कराया जाएगा। राइस मिलों में उपलब्ध धान, चावल के स्टॉक का भौतिक सत्यापन समय समय पर अधिकृत अधिकारियों से करवाने की बात नीति में कही गई है। खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए कस्टम मिलिंग के अनुबंध में मिलिंग की समयावधि मिल की मिलिंग क्षमता के अनुसार निर्धारित किया जाए। जिला विपणन अधिकारी द्वारा डिलीवरी आर्डर जारी करने के बाद मिलर द्वारा 10 दिन के भीतर डिलीवरी आर्डर में उल्लेखित मात्रा के अनुसार उठाव करेगा। 10 दिनों में उठाव न करने पर धान की मिलिंग में विलंब रोकने के लिए अनुबंध में दंड का प्रावधान रखने की बात नीति में कही गई है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



04



काजल खरीदते समय रखेंगे इन ...


## सिटी इवेंट

## लोककला और मिनी थियेटर से कलाकारों को अब मिलेगा काम



**रायपुर।** कई ऐसे कलाकार अभी भी पहचान के मोहताज बने हुए हैं। चिन्हारी में उनका नियम-शर्तों का पालन करने की बाध्यता के चलते पंजीयन नहीं हो पाया है। इससे उन्हें प्रॉपर काम भी नहीं मिलता है। ऐसे करीब 45 हजार कलाकारों के सामने आर्थिक समस्या की स्थिति है। ऐसे लोगों के जीवनस्तर को सुधारने और काम देने के लिए छत्तीसगढ़ फिल्म लोककला एवं मिनी थियेटर सहकारी समिति मर्यादित का गठन किया है। इस संदर्भ में गुरुवार को पत्रकारवार्ता में समिति के संस्थापक अमित परगनिहा और रायपुर संभाग की अध्यक्षा अलका परगनिहा ने बताया कि कलाकारों को जोड़ने की पहल कर रहे हैं।

### ट्रायबल फिल्म फेस्टिवल

आगे बताया कि अगले तीन साल में प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में 25 मिनी थियेटर तैयार किए जाएंगे। इससे छत्तीसगढ़ी फिल्मों के प्रदर्शन के लिए एक नया मंच मिलेगा। समिति फिल्मों के प्रमोशन व वितरण का भी काम करेगी। इससे दबे हुए कलाकारों को काम के साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए अवसर भी मिलेगा। प्रति थिएटर के निर्माण पर करीब 60 लाख रुपए खर्च होंगे। इसे बनाने में सरकार से भी मदद लेंगे। ट्रायबल फिल्म फेस्टिवल का भी आयोजन करने का प्लान तैयार किया है।

## सिटी लाइव

## स्वदेशी मेले का आगाज 27 से, सजेंगे 350 से ज्यादा स्टॉल



**रायपुर।** वोकल फॉर लोकल की अलख जगाने स्वावलंबन की पहचान बन चुका बहुप्रतीक्षित स्वदेशी मेला इस बार शहर में आठ दिनों के लिए लगाया जाएगा। जीई रोड स्थित साइंस कॉलेज ग्राउंड में गुरुवार को भारतीय विपण विकास केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत स्वदेशी मेला स्थल का विधि-विधान व वैदिक मंत्रोपचार के साथ भूमिपूजन संपन्न हुआ। स्वेदशी मेला प्रबंधक सुब्रत चाकी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों सहित समूचे देश की स्थानीय अनूठी कलाकृतियों, उत्पादों को मंच प्रदान किया जा रहा है। देशीपन की महक और भी इस बार निखरकर आएगी। इस अवसर पर नवीन कार्यकारिणी के मेला संयोजक प्रवीण मैशेरी ने कहा कि स्थानीय विक्रेताओं के देसी सामानों सहित लोककलाओं और परंपराओं को भी जनमानस के समक्ष लाया जाएगा।

### रचनात्मक प्रतिभा निखरने होंगी प्रतियोगिताएं

मेला में जहां एक ओर देशीपना लिए हुए स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया जाएगा। वहीं मेले में प्रतिदिन दोपहर में बच्चों, महिलाओं व युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा निखरने के लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं होंगी। साथ जनजागरूकता के लिए सामाजिक सरोकार के विषयों पर प्रबुद्धजनों द्वारा संगोष्ठी भी होंगी। कार्यक्रम में प्रांत संयोजक जगदीश पटेल, स्वागत समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल बसना, रविंद्र सिंह, अमर बंसल, दिग्विजय भाकरे, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, आशु चंद्रवंशी, प्रवीण देवड़ा, डॉ. ईला गुप्ता, शीला शर्मा, शताब्दी पांडेय, आरती दुबे, हर्षिला रूपाली शर्मा, रेहाना खान, सुषमा झा, इंदर जैन, सुनीता पाठक, ललित जैन, सरोज कुमार सिंह, चितरंजन ठाकुर, अर्चना वोरा, मालती माहुली, तृप्ति चैहान, अमृता श्रीवास्तव, मंजुला जैन आदि उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

## साइबर अपराध पर रेलवे अफसरों ने लिखा हिंदी निबंध, रोकथाम के बताए उपाय



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में राजभाषा विभाग द्वारा क्षेत्रीय स्तर की हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जोनल सभाकक्ष में हिंदी वाद, निबंध, हिंदी टिप्पणी एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मुख्यालय सहित तीनों मंडलों तथा दोनों कारखानों के स्तर पर आयोजित विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता 39 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हिंदी प्रतियोगिता के लिए पहला विषय वैश्विक परिदृश्य में हिंदी का वर्तमान और भविष्य तथा दूसरा विषय साइबर अपराध और उनकी रोकथाम के उपाय रखा गया था, जिसमें समीरकांत माथुर, उप महाप्रबंधक (सामान्य) एवं केपी सारस्वत, उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (परियोजना), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर ने निर्णायकों की भूमिका का निर्वाह किया। समीरकांत माथुर, उप महाप्रबंधक (सामान्य) ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजभाषा हिंदी और साइबर अपराध के संबंध में सभी प्रतिभाशाली वक्ताओं के विचारों और भावनाओं को जानने का सुअवसर प्राप्त हुआ। आजकल पब्लिक स्पीकिंग को एक कौशल के रूप में स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है।

### साहित्य का अध्ययन निरंतर करना चाहिए

कार्यक्रम में केपी सारस्वत, उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (परियोजना) ने इस अवसर पर कहा कि सभी को साहित्य का अध्ययन निरंतर करना चाहिए, इससे नई जानकारियां और विचार प्राप्त होते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को सुझाव दिया कि वाद प्रतियोगिता में यदि पूर्व के प्रतिभागी ने कोई महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किया है तो अगले प्रतिभागी को चिंतित होकर विषयांतर होने की आवश्यकता नहीं है, वे उस विचार को छोड़ने के बजाय उस पर और अधिक प्रकाश डालें। इसके साथ ही जो विषय दिया गया है, प्रतिभागी उसमें संतुलित रूप से अपनी बात रखें। प्रतियोगिता में संचालन एपीएल जाटवर, वरिष्ठ अनुवादक, प्रधान कार्यालय ने किया।

● शहर के विभिन्न स्कूलों में हुए वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

# स्कूली मंचों पर उतरी हमारी संस्कृति

*रायपुर। राजधानी के स्कूल-कॉलेजों में इन दिनों वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चों समेत युवा अपनी कला की मनमोहक प्रस्तुति दे रहे हैं। गुरुवार को विभिन्न स्कूलों में वार्षिकोत्सव आयोजित हुए। कार्यक्रम में संगीत और नृत्य की विभिन्न विधाओं में प्रस्तुति देखने को मिली। विभिन्न राज्यों की कला संस्कृति मंचों पर देखी गई। दूसरी ओर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों को पर्यावरण और समाज को बेहतर करने का संदेश दिया। इन वार्षिकोत्सव में खास बात यह भी रही कि प्रस्तुति में कला के सभी रंग दिखाई दिए। वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देने प्रतिभागी बीते 10 दिनों से स्कूल व घर में अभ्यास कर रहे हैं। यही वजह रही कि मंच पर प्रस्तुति देने सभी उत्सुक नजर आए। नाटकों के जरिए भावनात्मक संदेश लोगों तक पहुंचाने में सफल रहे। वार्षिकोत्सव के जरिए मनमोहक नृत्य देखने को मिला, जिसमें कथक, छत्तीसगढ़ व समूह नृत्यों ने कार्यक्रम में समां बांधे रखा। रिमिक्स गानों ने प्रस्तुति पर छात्र भी झूम उठे।*



### मानवीय मूल्यों का विकास किया जाना जरूरी

कृष्णा किड्स एकेडमिक के स्कूलों का वार्षिकोत्सव पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस दौरान कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति बल्देव भाई शर्मा मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता डॉ. वीके पाण्डे डीन एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग कॉलेज ने की। इस दौरान कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के चेयरमैन मदन मोहन त्रिपाठी कहा कि आज के बच्चे हमारे राज्य और देश के भविष्य हैं, जिनके अंदर मानवीय मूल्यों का विकास किया जाना जरूरी है। इसके लिये अभिभावक, स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थी समान रूप से जिम्मेदार हैं। मुख्य अतिथि बल्देव शर्मा ने जीवन मूल्यों का ध्यान से पालन करते हुए परस्पर संस्कार, सेवा और सहयोग समाज के अन्य लोगों में भी सहकारिता की भावना को उजागर करने की आवश्यकता बताई।

### 1500 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यक्रम में विभिन्न किड्स एकेडमी के बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार उन्हें प्रमाण पत्र, ट्रॉफी प्रदान की गई। विभिन्न स्कूलों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक लगातार दी गई। लगभग 1500 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना के कक्षा दसवीं के सीबीएसई बोर्ड टॉपर्स को उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए छात्रवृत्ति पुरस्कार के रूप में चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### बच्चों की प्रस्तुति ने खींचा ध्यान




छोटे-छोटे कदमों के साथ महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह के मंच पर बच्चों ने जब 'आओ तुम्हें चांद पे ले जाए' गीत पर शानदार डांस किया तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वहीं प्री-प्राइमरी के बच्चों ने 'दिल है छोटा सा' की शानदार प्रस्तुति से मन मोह लिया। इससे पहले वार्षिकोत्सव 'धरोहरः एक विरासत' के मुख्य अतिथि समाजसेवी व उद्योगपति रोहित काले ने बच्चों को एक बेहतर संवेदनशील इंसान बनने की सीख दी। मुख्य आतिथ्य की आसंदी से रोहित काले ने कहा कि इतनी अच्छी संस्था और उसके संचालन में इतने बढ़िया स्कूल में आपको पढ़ने का अवसर मिला है। मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने महाराष्ट्र मंडल की उपलब्धियों पर चर्चा की। बतौर विशेष अतिथि सचिव चेतन दंडवते, उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल, शाला के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, पूर्व प्रभारी निरंजन पंडित, सुबोध टोले, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले व रेणुका पुराणिक ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने स्वागत भाषण दिया।

### धार्मिक के साथ छत्तीसगढ़ी मराठी गानों पर प्रस्तुति

गणपति वंदना से शुरू हुए रंगारंग 'धरोहर' में एक तरफ प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चे छा गए। वहीं मिडिल और हायर सेकंडरी के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से धमाल मचाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम इसलिए भी रोचक और मजेदार रहा, क्योंकि इसमें हिंदी फिल्मी व धार्मिक गानों के साथ छत्तीसगढ़ी, मराठी गानों का बेहतर समन्वयन था। छत्तीसगढ़ के सभी तीज-त्योहारों को एक ही गीत में पिरोकर बच्चों ने प्रस्तुत किया। वहीं राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की वीरगाथा का बच्चों ने मंचन किया। आठवीं के बच्चों ने 'नमो-नमो शंकराय...' गीत पर योगा की प्रयोगात्मक प्रस्तुति दी। लगभग चार घंटे के कार्यक्रम का संचालन तृप्ति अग्निहोत्री और सुनिधि रोकड़े ने किया। आयोजन में शाला प्रभारी परितोष डोनगांवकर और सह प्रभारी नवीन देशमुख का विशेष योगदान रहा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में पेश की पंडवानी

जेएन पांडे विद्यालय में राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया, जिसमें धागों की मदद से फूल, स्वामी विवेकानंद की तस्वीर तैयार की गई। साथ ही कागज से सजावटी बुके एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा पंडवानी गायन की मंचीय प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही, जहां विद्यार्थियों ने पंडवानी के माध्यम से महाभारत के अनेक बिंदुओं को गायन के माध्यम से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया।



## पेश किए पारंपरिक गाने और लोक गीत

शीश झुकाओ राम गुन गाओ, बोलो जय विष्णु के अवतारी...ढोल बाजे रे नगाड़ा बाजे रे...गोरी राधा ने कालो...जैसे पारंपरिक गानों पर प्रस्तुति दी गई। सामूहिक प्रस्तुति में कक्षा 10-12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक भजन एवं छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर प्रस्तुति की गई। इस दौरान तालियों की गूंज लगातार सभागार में गूंजती रही, साथ ही दर्शक भी विद्यार्थियों के भजनों के साथ गुनगुनाते नजर आए। इस अवसर पर जय जय श्री राम...जय-जय दुर्गा मां..छत्तीसगढ़ महाराती की, जय...का जयघोष भी किया गया।



### मीरा बाई, झांसी की रानी के किरदार में छात्रों की प्रस्तुति

मैं अपने झांसी का आत्मसमर्पण नहीं होने दूंगी...महिलाओं के जीवन का सबसे अहम किरदार मां...मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी अहिल्याबाई होलकर...जैस व्यक्ति विशेष के किरदार पर स्कूल के छात्रों ने प्रस्तुति दी। देशबंधु उच्चतर माध्यमिक शाला द्वारा दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने सामूहिक गायन एवं एकल फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाया। छात्र-छात्राएं सब्जी वाली, पेंसिल, सीता माता, मीरा बाई, सिहावा, सावित्री बाई फुले, झांसी की रानी, रॉकेट, धरती माता एवं रानी लक्ष्मीबाई के किरदार में अभिनय करते नजर आए।

## 600 छात्रों ने नृत्य में लिया हिस्सा

आदर्श विद्यालय का **वार्षिकोत्सव** जीवन के चरण थीम पर बनाया गया, जिसमें छात्रों में कला संस्कृति का अनोखा मंच सजाया।




पौराणिक नृत्य के अंतर्गत भगवान विष्णु के दसवें अवतार कल्कि का जोरदार नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 8वीं 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्रधानाचार्या सविता चतुर्वेदी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें स्कूल की उल्लेखनीय उपलब्धियों, जैसे चैम्पियन ट्रॉफी जीतने और बेहतरीन बोर्ड परीक्षाफल पर प्रकाश डाला। उन्होंने मेधावी छात्रों और शिक्षकों की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि प्रेमप्रकाश, क्षेत्रीय खनिज नियंत्रक और अतिथि डॉ. रविशंकर पनिकर, प्राचार्य बीटीआई कॉलेज ऑफ कॉमर्स, साइंस, आर्ट्स और मैनेजमेंट उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लगभग 600 छात्रों ने भाग लिया और मनमोहक प्रस्तुति दी।

### श्रीकृष्ण-सुदामा की कथा ने मोहा मन

आदर्श विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मुख्य आकर्षण पंचतत्व नृत्य रहा, जिसमें पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु के तत्वों का चित्रण किया गया। इसके अलावा जंगल और फूल नृत्य में नर्सरी और प्री-प्राइमरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई। जनजातीय नृत्य में कक्षा पहल और दूसरी के छात्रों द्वारा जीवंत कबायली नृत्य प्रस्तुत किया गया। नृत्य नाटिका श्रीकृष्ण-सुदामा की कथा, एकलव्य की निष्ठा और प्रह्लाद की भक्ति देखने को मिली। आधुनिक विषय पर मोबाइल और सोशल मीडिया की लत पर व्यंग्यात्मक प्रस्तुति और महाभारत के महाकाव्य दृश्यों और रिश्ते नामक नाटक ने भावनात्मक गहराई और संदेश के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का संचालन शौर्य पटेल, इषणा, मृदुल, हेमाश्री, हेमशिका, समृद्धि, सृज्या नायर, विद्या पिल्लई, अनन्या और तेजस ने कुशलता से किया।

पार्श्व गायिका पद्मश्री अनुराधा पौडवाल ने हरिभूमि से की खास बातचीत

# गाना बेहतर बनाने ऑटो ट्यून अच्छी तकनीक लेकिन हर गीत में इसका इस्तेमाल भी सही नहीं

कार्नर न्यूज



*रायपुर। संगीत में ऑटो ट्यून बेहद खास चीज है, इसका उपयोग जरूरत पड़ने पर ही किया जाना चाहिए। आज के समय में अगर कोई इस तकनीक पर निर्भर होकर गाना बनाकर रहे हैं तो यह भी सही नहीं। ये कहना है 90 के दशक में पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल का। वे गुरुवार को सिग्रिया डब्ल्यूएस ऑडियोलॉजी समूह के कार्यक्रम में शामिल होने राजधानी पहुंची थीं। इस दौरान अनुराधा ने हरिभूमि से खास बातचीत की और अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि मैंने फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया है। इसकी वजह फिल्मों का बदला स्वरूप है, लेकिन मेरा मानना है कि अगर बॉलीवुड में काम नहीं करती तो आज धार्मिक गानों में अपनी बेहतर प्रस्तुति नहीं दे पाती। उन्होंने बताया कि श्रवण बाधित बच्चों के काम करती हूं। हमारे जीवन में संगीत और ध्वनि अहम हिस्सा है। समाज में लोगों की मदद करने योगदान करना चाहिए। मैंने श्रवण बाधित को चुना है। कार्यक्रम के जरिए 50 जरूरतमंद बच्चों को श्रवण यंत्र दान किया गया है, जिसके बाद बच्चे पहली बार खुद की और लोगों की आवाज को महसूस कर पाए।*



### आदि शंकराचार्य के भजन सुनने मिलेंगे

वर्तमान में अनुराधा 70 साल की हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि संगीत से आज भी पूरी तरह जुड़ी हुई हूं। इन दिनों आदि शंकराचार्य के भजन रिकॉर्डिंग कर रही हूं। ये संस्कृत में थे, जो हिंदी भी लोगों को सुनने को मिलेंगे। इसके अलावा अन्य भजन भी आने वाले दिनों में आएंगे। बातचीत में बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से श्रवण बाधित बच्चे व युवाओं के लिए बेहतर ट्रीटमेंट और रोजगार को चर्चा हुई है। छत्तीसगढ़ को लेकर कहा कि रायपुर से जुड़ाव पुराना रहा है। 25-30 सालों से यहां आ रही है। पहले छोटा एयरपोर्ट हुआ करता था। अब रायपुर भी काफी बदल गया है। मुझे देखकर काफी खुशी होती है।

### भाजपा को मेरा पूरा सपोर्ट

भाजपा में शामिल होने को लेकर अनुराधा पौडवाल ने कहा कि मैं सनातनी हूं। भाजपा हिंदू सनातन धर्म के लिए काम कर रही है, इसलिए मेरा उन्हें पूरा सपोर्ट है। भाजपा में जाकर अपनी कोई नई पारी शुरुआत मैंने की है, ऐसा नहीं है। अनुराधा जब अपने कॅरियर के पीक पर थीं तो उन्होंने घोषणा कर दी कि वे अब सिर्फ गुलशन कुमार की कंपनी टी-सीरीज के लिए ही गाएंगी। इसे लेकर उन्होंने कहा कि हर आदमी कुछ कार्य के लिए आता है। मैं अपना काम कर यहां से चली जाऊंगी।

### बच्चों को मिली आवाज

कार्यक्रम में कोपलवाणी के 50 बच्चों को वाणी स्पीच और हियरिंग क्लीनिक्स के साथ मिलकर श्रवण यंत्र दान किया। इस दौरान कंपनी के सीईओ और प्रबंध निदेशक अविनाश पवार, प्रमुख ऑडियोलॉजिस्ट विशाल मेहरा समेत अन्य उपस्थित रहे।

**सिटी लाइव**

# कवियों की स्वरचित कविता में दिखी देश प्रेम की भावना

मां पीतांबरा जनसेवा समिति की ओर से बीटीआई ग्राउंड में गोंडवाना राष्ट्रीय आजीविका व सांस्कृतिक कला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।




**रायपुर।** गुरुवार को रूप सज्जा प्रतियोगिता हुई। इसमें कई महिलाओं ने भाग लिया। इसके अलावा स्वरचित कविता पाठ किया। कवियों ने वीर रस श्रृंगार रस और हास्य रस की कविताएं पढ़ीं और लोगों को खूब गुदगुदाया। वहीं कई कवियों ने लोगों के अंदर देशप्रेम की भावना जगाई। आयोजक बालेंद्र सिंह कुशवाहा, वैभव सिंह सिसोदिया और सौरभ सिंह सिसोदिया ने बताया कि गोंडवाना महोत्सव मेले का मंच उन होनहार बच्चों के लिए है, जो अपने पंखों को उड़ान देना चाहते हैं। जिनको मंच नहीं मिल पाता है, उन्हें हम मंच प्रदान प्रदान करते हैं और उभरते हुए कलाकारों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने की कोशिश करते हैं।

## महिलाओं ने ब्राइडल थीम पर की रूप सज्जा




श्रृंगार सज्जा में महिलाएं अलग-अलग थीम पर महिलाएं सज कर पहुंचीं, जिसमें ब्राइडल इत्यादि शामिल रहीं। इसमें कनक मिश्रा, पायल, शबा कुरैशी, महेश्वरी यादव, वैशाली श्रीवास्तव, दिव्या, रूपाली गोस्वामी, संजू तिवारी, मनीष विश्वकर्मा, शैलेंद्र निषाद इत्यादि शामिल हुए। अनाया रमानी ने डांस और एक्ट के माध्यम से दर्शाया ओर बताया कि किस तरीके से बेटियों को कोख में अबॉर्शन के माध्यम से मार दिया जा रहा है। बेटियां जीना चाहती हैं, लेकिन उन्हें जीने का हक नहीं दिया जा रहा है।

आईजीकेवी में चार दिनों तक एक हजार युवा महोत्सव में भरेंगे संस्कृति का रंग, रोज सजाएंगे मंच

# बस्तर दशहरा-महिषासुर मर्दन, शिव तांडव संग 30 झांकियों से सजे 'मड़ई' का आगाज

*बस्तर दशहरा, अक्ती तिहार, शिव बारात, शिव तांडव, महिषासुर मर्दन, बाबा गुरु घासीदास जयंती पर आधारित झांकियों ने हर किसी का ध्यान आकर्षित किया। इन झांकियों में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, सुपोषण, कृषि संपदा के विकास, प्रौद्योगिकी विकास पर फोकस करके सार्थक संदेश को भी शोभायात्रा का हिस्सा बनाया। इस झांकियों में एक तरफ जहां देव पूजा की झांकी थी, वहीं शक्ति प्रदर्शन करते दल आगे चल रहे थे, इनकी तस्वीर को मोबाइल में कैद करने युवाओं में होड़ मची रही।*









**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में 19 से 22 दिसंबर तक होने वाले 30वें अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव 'मड़ई-2024' के पहले दिन निकाली गई सांस्कृतिक शोभायात्रा में ऐसा ही नजारा देखने को मिला। गुरुवार शाम 4 बजे से इसका रंगारंग आगाज करते हुए युवाओं का उत्साह देखने लायक था। कृषि कॉलेज रायपुर में इस मड़ई की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कॉलेजों के विद्यार्थियों ने अपनी लोक संस्कृति, लोकपर्व, रीति-रिवाज, पर्यटन स्थल व देव पूजा की परंपरा को भी शोभायात्रा में दिखाने का शानदार प्रयास किया। छात्र-छात्राओं द्वारा सजाई गई झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही।



### मड़ई में सजेंगे विविध रंग

अधिष्ठाता डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि 22 दिसंबर तक चलने वाले इस युवा महोत्सव 'मड़ई' में कई विधाओं में 25 प्रतियोगिताएं होंगी। इसके तहत शुक्रवार को सुबह 9 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक एकल अभिनय, तात्कालिक भाषण, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, एकांकी, समूह गायन, कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता होगी। दोपहर 3 बजे से मिमिक्री, भाषण, कार्टूनिंग, एकांकी, समूह गायन (भारतीय), लोक एवं आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता का क्रम चलेगा। इसके लिए निर्णायकों के साथ ही आयोजन के कुशल संचालन करने जिम्मेदारी भी तय की गई है।

### लोकनृत्य ने बांधा समां

पारंपरिक परिधान से सजे सांस्कृतिक दलों ने स्थानीय लोकगीतों एवं लोकनृत्यों की अनुपम छटा मड़ई महोत्सव के पहले दिन बिखेरी। सभी दलों ने अंचल के लोकनृत्य करमा, पंथी नृत्य, राऊत नाचा, सरगुजिहा नृत्य, मुड़िया नृत्य, जवारा नृत्य, गौरी-गौरा विवाह की आकर्षक झलक पेश की। इस बीच हर दल के लोगों समेत बड़ी तादाद में छात्र-छात्राओं का समूह भी मोबाइल पर वीडियो और तस्वीरों को यादगार के रूप में सहेजते नजर आए।



### 30 कॉलेजों से पहुंचे विद्यार्थी

*शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा थे। अध्यक्षता आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। चार दिनों तक चलने वाले युवा महोत्सव में 30 कृषि कॉलेजों के विद्यार्थी भाग लेने पहुंचे हैं। रंगारंग आगाज के लिए सजाए गए मंच पर कृषि कॉलेज भाटापारा की छात्रा भूमिका साहू ने राज गीत 'अरपा पैरी के धार' का सुमधुर गायन किया। शहीद गुंडाधूर कृषि कॉलेज के विद्यार्थियों ने नृत्य और गीत से बस्तर की कला संस्कृति का एहसास कराया।*

**सिटी इवेंट**

# गतिहीन जीवनशैली से अब हार्ट अटैक सामान्य बीमारी



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय के आईक्यूएसी सेल की ओर से बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर एक दिवसीय हैंड ऑन ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि लाइफ स्टाइल नियंत्रित रखने से हार्ट अटैक के खतरे को कम किया जा सकता है। सीपीआर का मतलब है कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन। यह भी एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा है। जब किसी पीड़ित को सांस लेने में परेशानी हो या फिर वो सांस न ले पा रहा हो और बेहोश जो जाए तो सीपीआर से उसकी जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रतीक्षा अग्रवाल , डॉ. पारुल गुप्ता और डॉ. अरु कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि आज हमारे वातावरण में हो रहे बदलाव के कारण मनुष्य रोज नई-नई बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं, जिसमें से कार्डियक अरेस्ट जैसे हार्ट अटैक सामान्य हो गए हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने छात्रों और प्राध्यापकों को सीपीआर का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिया।

### सीपीआर की सीखीं बारीकियां

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार प्रशिक्षण कार्य हर महाविद्यालय को करना चाहिए। अकस्मात हो रही मौतों के कारण में ज्यादातर कार्डियक अरेस्ट है। ऐसे में आवश्यक है कि हर किसी को इसकी जानकारी हो। वहीं कार्यक्रम के संबंध में महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा, डॉक्टरों द्वारा दी गई जानकारी और लाइव प्रशिक्षण से छात्रों को लाभ होगा और अन्य लोगों को भी इस जानकारी से फायदा होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया। संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वयक प्रबंध विभाग के सहायक प्राध्यापक अभिनव अग्रवाल ने किया और कार्यक्रम का संचालन योग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विभाग विभागध्यक्ष एवं अन्य सहायक प्राध्यापक भी शामिल हुए।

### अपने शरीर की कराएं जांच

कॉर्डियोलाजी के डॉक्टरों का कहना है कि 25 साल की उम्र में और अन्य लोगों को 30 साल की उम्र तक अपने पूरे शरीर की जांच करानी चाहिए। आधुनिक टेक्नालॉजी और विज्ञान से आज के समय में मनुष्य की हेल्थ



जन्मपत्री निकाल सकते हैं। गतिहीन जीवनशैली और गलत खानपान भी हृदयरोग के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। दफ्तरों के काम को लेकर हद से अधिक स्ट्रेस, अपने डेली रूटीन का ख्याल न रखना, बहुत कम सोना और जरूरत से ज्यादा शराब तथा सिगरेट पीने जैसी आदतें आपके दिल को बीमार बनाती जा रही हैं। एक्सरसाइज की कमी के कारण मांसपेशियों के कम संकुचन से ब्लड सर्कुलेशन भी कम हो जाता है। इससे हृदय वाहिकाओं में रक्त का संचार कम होता है, जो कि हार्ट अटैक का कारण बनता है।। इससे यह राहत होगी कि अगर कोई बड़ी बीमारी होगी तो इसका समय पर उपचार किया जा सकता है।

# लाइव म्यूजिक 'स्वरांजलि' महफिल में फनकारों ने पेश किए गीत-गजल

**रायपुर।** लाइव म्यूजिक प्रोग्राम का क्रेज अब कॉलेजों में भी बढ़ने लगा है। इसमें खुद को पारंगत करने के लिए युवा पढ़ाई के साथ गीत-संगीत के क्षेत्र में भी जुड़ने लगे हैं। ऐसे ही उभरते फनकारों को संगीत की महफिल सजाने का अवसर गुरुवार को महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज ने दिया। समता कॉलोनी स्थित कॉलेज के सभागार में म्यूजिक से खुद को जोड़ने वाले फनकारों ने गीत-गजलों से हर किसी का मनोरंजन करते हुए मंजे हुए कलाकार की तरह ही मंच पर प्रस्तुति देते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इसे सफल बनाने में प्राचार्य डॉ. एमएस मिश्रा, एडमिनिस्ट्रेटर सुश्री शिवांगी मिश्रा का विशेष योगदान रहा।






### मंजे हुए कलाकारों जैसा अंदाज

लाइव म्यूजिक प्रोग्राम का शुभारंभ चेयरमैन राजेश अग्रवाल एवं अतिथि अवतार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। इसके बाद मैक म्यूजिक कॉलेज प्रबंधन द्वारा संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देने के लिए जिन छात्र-छात्राओं का ग्रुप तैयार किया गया है। उनके द्वारा गायन एवं विभिन्न वाद्ययंत्रों के वादन का प्रशिक्षण देने के बाद नए फनकारों को संगीत की महफिल सजाने के लिए स्वरांजलि में मौका दिया। इस अवसर को भुनाने के लिए विद्यार्थी भी मंजे हुए कलाकार की तरह ही प्रस्तुति देते नजर आए। वहीं सुबह साढ़े 11 से दोपहर 2 बजे तक गीत-संगीत का दौर चला।

### होश वालों को खबर क्या...

होश वालों को खबर क्या...., गजल से संध्या राठौर ने मंच पर धूम मचाई तो श्रोताओं ने भी गर्मजोशी से स्वागत किया। नितेश चतुर्वेदी ने पल पल दिल के पास..., चल तेरे इश्क में पड़ जाते हैं..., पेश करते हुए वाहवाही लूटी। अर्पिना अग्रवाल ने आज फिर जीने की तमन्ना है... कीर्ति शर्मा ने कभी कभी मेरे दिल में खयाल आता है..., से लोगों को से जोड़ते हुए उन्हें संगीतमय माहौल दिया। डॉ. सुरेश जैन ने चांदी जैसा रंग..., हिमानी यादव ने प्यार दीवाना...., डॉ. सविता सालोमन ने अंखियों के झरोखों से..., पेश किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन मैक म्यूजिक इंचार्ज अनुराधा दीवान ने किया।

# भगवान खाटू श्याम की आज शोभायात्रा, 56 भोग भी लगेंगे

**रायपुर।** श्री अग्रसेन धाम में दो दिवसीय विराट भजन संध्या आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत शुक्रवार से होगी। इस दौरान भव्य निशान यात्रा निकलेगी। धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। भव्य आयोजन में श्रद्धालु और भक्त भगवान खाटू श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेंगे। 20 दिसंबर को शाम 4 बजे से शुरू होने वाली भव्य निशान यात्रा के दौरान भगवान खाटू श्याम के रथ की शोभायात्रा और भव्य झांकियों का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा में 56 प्रकार के भोग, सज-गज और आराधना की जाएगी। यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालु भगवान श्री श्याम के दर्शन करने के साथ-साथ भव्य संकीर्तन का आनंद भी लेंगे। आयोजन लखदातार सेवा समिति रायपुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मानवेंद्र सिंह चौहान, कान्हा भैया और निज मंदिर सेवक परिवार खाटू श्यामजी का विशेष योगदान रहेगा। आयोजन में खास सहयोगी के रूप में 'सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप' शामिल है, जो 1993 से निर्माण क्षेत्र में सक्रिय है। कार्यक्रम का आयोजन स्थल श्री अग्रसेन धाम, रायपुर होगा, और यात्रा स्थल श्री राणी सती दादी मंदिर से श्री श्याम मंदिर तक जाएगी।

### दूसरे दिन बृजवासी ब्रदर्स देंगे प्रस्तुति

21 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से तुषार चौधरी द्वारा सत्यनारायण नमन और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस दिन के कार्यक्रमों में अमोल-शुभम पाराशर और प्रियांशु मित्तल की भक्ति संगीत की प्रस्तुति होगी। इन के अलावा सुरेश सोनी राजस्थानी भी शामिल होंगे। यह दिन खासतौर पर भक्ति और संगीत प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन अनुभव होगा। इस दिन शाम को 3 बजे से हेमंत बृजवासी और बृजवासी ब्रदर्स, जो 'इंडियाज गॉट टैलेंट' में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं, भक्ति संगीत से श्रद्धालुओं का मन मोहेंगे। इसके अलावा, सुरभि चतुर्वेदी की प्रस्तुति भी इस आयोजन को और भी यादगार बना देगी।

**गौर गोपाल दास ने पैरेंटिंग पर दी स्पीच, पालकों की जिम्मेदारी बताई**

# माता-पिता और बच्चों के बीच उम्र का फासला अधिक, उन्हें समय देना जरूरी, क्योंकि दुनिया में समझने वाले कोई नहीं

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** हम हमेशा वह चाहते हैं जो हमारे पास नहीं होता। जीवन में सभी को खुश रखना संभव नहीं है...एक बचपन का जमाना था, जहां खुशियों को पाना था...मां की कहानी थी, परियों का खजाना था...यह कविता गौर गोपाल दास ने कही। शहर स्थित वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल में वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि गौर गोपाल दास शामिल हुए, जिन्होंने परिजन एवं बच्चों के संबंध में लगातार दो घंटे मोटिवेशनल स्पीच दी।




### अम्मा थीम पर नाटक का मंचन

प्रेम की मूरत, दया की सूरत जैसी मेरी मां...गिरता हूं तो संभालती है तू.. मां कैसे लिखूं तुझे, तू शब्दों में कहां समाती है...समारोह में 'अम्मा' थीम पर एक घंटे के नाटक का मंचन किया गया, जिसमें मां के जीवनचक्र और आधुनिक बच्चों की क्रूरता को दर्शाया गया। नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस दौरान प्राचार्य सौम्या रघुबीर, नमिता सिंघल, फाउंडर धरमवीर ढिल्लों उपस्थित रहे।

### वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल में वार्षिकोत्सव

वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल गौर गोपाल दास ने परिजनों के समक्ष 'बच्चों और परिजनों' के विषय पर चर्चा किया। भाषण के दौरान वह मंच के नीचे दर्शकों के बीच पहुंचकर चर्चा करते नजर आए। इस दौरान संबोधन में कहा, इस दुनिया में व्यक्ति को समझने के लिए कोई नहीं है, लेकिन समझाने के लिए अनेक मिल जाते हैं। स्कूल में बच्चों का एडमिशन कराकर उनकी प्रगति नहीं हो सकती, स्कूल में केवल विषयों का ज्ञान दिया जाता है। पढ़ाई केवल शिक्षकों तक सीमित नहीं है, यह परिजनों की भी जिम्मेदारी है।



**परिजन अपनी जिम्मेदारियों को समझें :** गौर गोपाल दास ने परिजनों से सवाल किया, क्या लेक्चर से बच्चों में सुधार लाया जा सकता है? वर्तमान समय में माता-पिता और बच्चों के बीच उम्र का फासला बहुत है, दोनों ही अपने जगह में सहीं होते हैं। लेकिल वर्तमान समय में बच्चों को समझने के आवश्यकता है, उन्हें समय देने की जरूरत है। बच्चों की अपनी एक अलग जिंदगी होती है, जहां एक उम्र में हार्मोन में भी बदलाव होता है। अगर कोई बच्चा शांत है, इसका मतलब यह नहीं कि वह कुछ सोच नहीं रहा। आपकी एक बात बच्चों के मन में लंबे समय तक बुरा प्रभाव डाल सकती है। आप अपनी जिम्मेदारियों को समझें और बच्चों को समझने का प्रयास करें। बच्चों को उनके उम्र के हिसाब से समझने का प्रयास करें, बाहरी दुनिया में लगातार बदलाव होता नजर आ रहा है। पालक उसके साथ चलने का प्रयास करें।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वन डे ट्रॉफी क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की जीत



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर-23 स्टेट ए वनडे ट्रॉफी 2024 का आयोजन 15 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच गुरुवार को त्रिवेन्द्रम में सिक्किम अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। सिक्किम अंडर-23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सिक्किम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 28.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 87 रन बनाये। सिक्किम की ओर से आरिफ ने सर्वाधिक 27 रन बनाये। उनके अतिरिक्त अर्नव ने 19 रन तथा रॉबिन ने 18 रन बनायें। छत्तीसगढ अंडर 23 टीम की ओर से वरुण सिंह भुई ने 5 विकेट तथा गौरव चतुर्वेदी ने 3 विकेट प्राप्त किये। 88 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ ने 7 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 90 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ की ओर से आयुष पांडे ने 20 गेंदों में नाबाद 42 रन बनाये, वहीं आशीष डहरिया ने 31 रन तथा प्रथम जाचक ने नाबाद 16 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ ने मैच 9 विकेट से जीत लिया।

### महिला क्रिकेट में ओडिशा के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वुमेंस अंडर-19 तथा ओडिशा वुमेंस अंडर-19 के मध्य वनडे अभ्यास मैच गुरुवार से शुरू हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच कटक में ओडिशा टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।ओडिशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 161 रन बनाये। ओडिशा की ओर से अनन्या ने 28 तथा सुनीता ने 25 रन बनाये।

छत्तीसगढ़ टीम की ओर से अनम खान ने 3 विकेट लिए। राधिका नेताम, चांदनी कुमारी तथा दीपिका भगत ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 38.2 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से कल्पना पांडे ने 47 रन तथा मानसी उपाध्याय ने 35 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ ने मैच 4 विकेटों से जीत लिया।

### राज्य क्रॉस कंट्री अगले माह ऑनलाइन पंजीयन 31 तक



**रायपुर।** 22वी राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन एथलेटिक्स स्टेडियम बहतराई, बिलासपुर मे 01 और 02 जनवरी किया जाएगा । यह प्रतियोगिता 4 आयु वर्ग अंडर-16, 18 और 20 बालक-बालिका और महिला/पुरुष वर्ग मे आयोजित होगा। प्रतियोगिता एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के मार्गदर्शन के अनुसार होगी। प्रतियोगिता से चयनित 32 खिलाड़ी को 12 जनवरी को आर्मी गोल्फ कोर्स, मेरठ (उत्तर प्रदेश) में होने वाली 59वी राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में भाग लेंगे। पुरुष, महिला, 20 वर्ष से कम बालक एवं बालिका , 18 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिका, 16 वर्ष से कम बालक एवं बालिका इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं । केवल छत्तीसगढ़ के खिलाडी ही प्रतियोगिता मे भाग ले सकते है। उपरोक्त प्रतियोगिता के लिए पंजीयन ऑनलाइन छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की वेबसाइट cgathletics.co.in मे किया जा सकता है । ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है. ऑनलाइन के अलावा किसी अन्य माध्यम से भेजी गई एंट्री स्वीकार नहीं की जाएंगी। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर रात के 11:59 बजे तक होगी I मेरिट और भागीदारी प्रमाणपत्र केवल पात्र एथलीटों को जारी किए जाएंगे। प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता के मुख्य आयोजन सचिव हेमंत सिंह परिहार, आयोजन सचिव पी जी जय कृष्णन, सहायक आयोजन सचिव गुरमीत अठवाल एवं दीपक साहू होंगे ।

वक्त से पहले बूढ़ा और कमजोर बना देती है हमारी गलतियां

# हड्डियों को खोखला होने से बचाना है तो छोड़िए इन आदतों को, रहिए चिंतामुक्त



जाने अनजाने में हम कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जिसकी वजह से युवा अवस्था में ही हमारी हड्डियां कमजोर हो जाती है। जानते हैं क्या हैं वो गलतियां।सेहतमंद रहने के लिए बोन हेल्थ का ध्यान रखना भी जरूरी होता है। लेकिन अक्सर जब बात सेहत की आती है तो हम बोन हेल्थ पर ध्यान ही नहीं देते हैं।

यही गलती हमे वक्त से पहले बूढ़ा और कमजोर बना देती है। जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां कर देते हैं जिसका असर हमारे बोन हेल्थ पर पड़ता है। यही वजह है कि आज युवा अवस्था में ही लोग जोड़ों के दर्द से परेशान रहते हैं। जानते हैं उन गलत आदतों के बारे में जिसकी वजह से हड्डियां खोखली हो जाती है।बोन हेल्थ को नुकसान पहुंचाती हैं आपकी ये आदतें

हड्डियों के हेल्थ के लिए सूरज की रोशनी काफी जरूरी है। यह विटामिन डी को बढ़ावा देती है। विटामिन डी हमारी हड्डियों की रक्षा करता है और शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। अगर आप सूरज की रोशनी पर्याप्त मात्रा में नहीं लेते हैं तो विटामिन डी की कमी होती है और ऐसे हड्डियां कमजोर हो जाती है।

अगर आप सेडेंटरी लाइफ जीते हैं,बॉडी का मूवमेंट कम करते हैं तो आपकी हड्डियां कमजोर हो सकती है। दरअसल जितना अधिक आप अपनी हड्डियों को हिलाएंगे, वो उतनी ही मजबूत होंगी। व्यायाम करने से न सिर्फ आपकी मांसपेशियां मजबूत होती है,बल्कि हड्डियां भी मजबूत होती हैं। अगर आप हड्डियों को मजबूत बनाना चाहते हैं तो दिनभर चलें,दौड़ें,एक्सरसाइज करें।

सिगरेट पीना न केवल आपके फेफड़ों के लिए नुकसानदायक है, बल्कि यह हड्डियों के लिए भी हानिकारक है। स्मोकिंग करने से ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ सकता है। स्मोकिंग ओस्टियोब्लास्ट यानी कि जो कोशिकाएं नई हड्डी का निर्माण करती हैं उनकी गतिविधि को प्रभावित करती हैं जिसके परिणामस्वरूप हड्डी कमजोर हो जाती है।



शरीर का स्वस्थ वजन बनाए रखना जरूरी है लेकिन कुछ लोग जरूरत से ज्यादा वजन कम कर लेते हैं। ऐसा करने से भी हड्डियों पर असर पड़ता है। 18.5 से कम बॉडी मास इंडेक्स ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को बढ़ा सकता है। कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन न करना,पर्याप्त मात्रा में नींद न लेना और अल्कोहल का सेवन करना भी बोन डेंसिटी पर असर डालता है। ये सब कुछ कैल्शियम के अवशोषण पर असर डालता है।

## ग्रह दोष से मुक्ति के लिए पौष माह में घर के मंदिर में रखा करें ये फूल



पौष माह में ग्रहों की स्थिति भी परिवर्तित होती है जिसका शुभ-अशुभ प्रभाव जीवन में नजर आने लगता है। इस साल भी पौष माह के दौरान ही धनु राशि में सूर्य का प्रवेश हुआ है।

### ग्रह दोष से मुक्ति के लिए घर के मंदिर में रखें गेंदे का फूल

गेंदे का फूल सभी देवी-देवताओं का प्रिय माना जाता है। वहीं, यह किसी एक नहीं बल्कि नव ग्रहों का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसे में घर के मंदिर में गेंदे का फूल रखने से ग्रह दोष तो दूर होगा ही, पर साथ में पारिवारिक क्लेश का भी नाश होगा।

### ग्रह दोष से मुक्ति के लिए घर के मंदिर में रखें गुलाब का फूल

गुलाब का संबध राहु से माना जाता है। ऐसे में अगर राहु दोष से छुटकारा पाना हो या फिर राहु से शुभता प्राप्त करनी हो तो पौष माह में घर के मंदिर में गुलाब का फूल रखें। इससे राहु का दुष्प्रभाव कम होगा और शुभता घर में आएगी।

### ग्रह दोष से मुक्ति के लिए घर के मंदिर में रखें अपराजिता का फूल

अपराजिता का फूल शनि देव को प्रिय है। ऐसे में शनि देव की कृपा पाने के लिए और शनि दोष से मुक्ति के लिए घर के मंदिर में पौष माह में अपराजिता का फूल रखें। ऐसा करने से साढ़े साती और ढैय्या में भी राहत मिलेगी।

## सूखे नारियल को साल भर स्टोर करने के अमेजिंग टिप्स जानें



मिठाई बनाने के लिए सबसे पहले नारियल का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए हर किसी की रसोई में नारियल रहता ही है, लेकिन कुछ दिनों के बाद यह खराब होने लगता है। अगर ऐसा हो रहा है, तो कुछ टिप्स यकीनन मददगार साबित हो सकते हैं।

### अच्छा नारियल खरीदें

इसलिए हमेशा नारियल के खोल पर चेक करें और ध्यान रखें कि एक अच्छा सूखा नारियल हमेशा मजबूत, बिना दरार या टूट-फूट के होना चाहिए। वहीं, अगर नारियल का खोल टूटा हुआ या फटा हुआ है, तो वह जल्दी खराब हो सकता है।

### साफ और सूखा रखें नारियल

अगर आप चाहते हैं कि नारियल लंबे समय तक फ्रेश रहे, तो कोशिश करें इसे सूखी जगह रखने की। स्टोर करने से पहले नारियल को अच्छी तरह साफ करें और इसे पूरी तरह सुखा लें। अगर यह जरा भी गीला होगा, तो नारियल कुछ ही दिन में खराब हो जाएगा।

### एयरटाइट कंटेनर का इस्तेमाल करें

नारियल रखने से पहले कंटेनर को अच्छी तरह से साफ कर लें, ताकि किसी भी तरह की नमी या बैक्टीरिया न रहें। वहीं, अगर आपके पास ज्यादा सूखा नारियल है, तो उसे छोटे हिस्सों में करके अलग-अलग कंटेनरों में स्टोर करें।



## कॉर्नर स्पेस को यूं ना करें वेस्ट इन तरीकों से काम में लाएं

घर सजाते समय हमें हर स्पेस को मैक्सिमम तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। हालांकिए कई बार हम घर के कॉर्नर स्पेस को इस्तेमाल नहीं करते हैं। जिससे अपनी पसंद की हर चीज को घर का हिस्सा नहीं बना पाते हैं।

आज के समय में अधिकतर लोग घर में पर्याप्त जगह ना होने की शिकायत करते हैं। उनके साथ ऐसा इसलिए होता हैए क्योंकि वे अपने घर के सभी स्पेस को इस्तेमाल नहीं करते हैं। इन्हीं में से एक है कॉर्नर स्पेस। जिसे अक्सर यूं ही खाली छोड़ दिया जाता है। हमें समझ ही नहीं आता है कि इस कॉर्नर स्पेस को किस तरह इस्तेमाल किया जाए।

कॉर्नर स्पेस आपके घर के लिए एक बेहद ही यूजफुल स्पेस होता हैए जिसे आप कई अलग.अलग तरीकों से काम में ला सकते हैं। इस कॉर्नर स्पेस की मदद से आप घर के इस हिस्से को आप अपनी पसंद का कोना बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपके साथ कॉर्नर स्पेस को यूटिलाइज करने के कुछ आइडियाज शेयर कर रहे हैं.

### किड्स रूम का कॉर्नर स्पेस

अगर कॉर्नर स्पेस को यूटिलाइज करने की बात हो तो वह घर के नटखट बच्चों के बेहद काम आ सकता है। जी हांए यहां पर आप चॉकबोर्ड या फिर व्हाइट बोर्ड बनाएं। साथ हीए वहां पर एक फ्लोटिंग शेल्फ बनाएं। जिससे वहां पर चॉक व डस्टर रखा जा सके। इस तरहए यह कोना बच्चों का फेवरिट स्पेस बन जाएगा और वे वहां पर जी भरकर अपनी क्रिएटिविटी उकेर पाएंगे।



### किचन का कॉर्नर स्पेस

अगर किचन का कॉर्नर स्पेस खाली पड़ा है तो ऐसे में आप वहां पर हैंगिंग पॉट भी लटका सकते हैं। इन हैंगिंग पॉट में आप पैन आदि आसानी से हैंग कर सकते हैं। इस तरह किचन में आपको स्पेस प्रोब्लम नहीं होगी। इसके अलावाए यहां पर आप कुछ हैंगिंग प्लांटर लगाकर हर्ब गार्डन भी तैयार कर सकते हैं। इन हर्ब्स की जरूरत आपको हर दिन किचन में होती ही है।

### लिविंग रूम का कॉर्नर स्पेस

लिविंग रूम के कॉर्नर स्पेस को कई अमेजिंग तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर आप चाहें तो लिविंग रूम के कॉर्नर स्पेस में कोई आर्ट वर्क या फिर फ्रेम की गई तस्वीरों को बेहद खूबसूरती के साथ लगा सकती हैं। इसे लिविंग एरिया का ओवर ऑल लुक बदल जाता है। इसके अलावाए लिविंग रूम में ग्रीनरी एड करने के लिए कॉर्नर स्पेस में इनडोर प्लांट्स भी रखे जा सकते हैं।

### बाथरूम का कॉर्नर स्पेस

अगर आपका बाथरूम छोटा है तो आपको कॉर्नर स्पेस को कई अलग.अलग तरीकों से यूटिलाइज करना चाहिए। मसलनए आप बाथरूम के कॉर्नर में फ्लोटिंग शेल्फ बनवा सकते हैं और उसे बाथरूम स्टोरेज व डेकोरेटिव आइटम्स रखने के लिए इस्तेमाल करें।


रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम) गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया, बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

SM@RT
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
Fire Detection
Boom Barrier Gate Automn
Audio Conf
Smart Class Set up
Walky Talky
Smart Interative Panle

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करें...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
बारनावापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं!
01 ROOM
02 POOL
03 FOOD
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

GK TMT सपनों को जीके देखो
श्रीनाथ ट्रेड लिंक के सौजन्य से
दुर्गा मंदिर के पास मेन रोड डुंडा, रायपुर
मो. 98271-34515 89592-22666
लकी ड्रॉ 31 मार्च 2025 को
150 बंडल जीके टीएमटी की खरीदी पर आकर्षक उपहार
प्रथम प्राइस 265 लीटर डबल डोर फ्रिज
द्वितीय प्राइस टॉप लोड वाशिंग मशीन
अन्य प्रतिभागी जो 150 बंडल टीएमटी उठा चुके हैं उनके लिए अन्य आकर्षक उपहार

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 79871 19756, 90981 38778

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दो शादी टूटने के बाद ब्रैड पिट की जिंदगी में फिर नई दस्तक

मशहूर हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट अब 61 वर्ष के हो गए हैं। ब्रैड पिट ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। पिट को करियर के शुरुआती दौर



में सहायक भूमिकाएं निभाने को मिलीं। फिर 1992 में आई फिल्म 'ए रिवर रंस थ्रू इट' से उन्हें लोकप्रियता मिली। अपने अभिनय और फिल्मों के अलावा ब्रैड पिट अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रहते हैं। फिल्मों में मिली अपार सफलता के बाद ब्रैड पिट की पहली मुलाकात जेनिफर एनिस्टन से हुई। पूरे चार साल तक इनकी दोस्ती का सिलसिला यूं ही चलता रहा। फिर ब्रैड पिट और जेनिफर ने 29 जुलाई, 2000 को शादी रचाई।

ब्रैट पिट के जीवन में एंजेलिना की मुलाकात साल 2005 में हुई। दोनों फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' की शूटिंग के दौरान मिले थे। जेनिफर से तलाक के बाद एंजेलिना और ब्रैड पिट ने वर्षों एक-दूसरे को डेट किया। साल 2006 में दोनों के घर बेटी का जन्म हुआ। फिर 2008 में जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। इनके अलावा कपल ने तीन बच्चों को गोद भी लिया। लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने साल 2012 में सगाई की और दो साल बाद 2014 में शादी रचाई। 2016 में दोनों के बीच तकरार की खबरें आने लगीं। एंजेलिना ने ब्रैड पिट से तलाक लेने का एलान कर दिया था। दोनों के बीच का रिश्ता आज भी कड़वाहट से भरा है और इनके बीच कानूनी लड़ाई जारी है। जेनिफर और एंजेलिना से तलाक के बाद ब्रैड पिट की जिंदगी नए प्यार की एंट्री के दावे किए जाते हैं।

### टॉलीवुड

## काशी में नागा चैतन्य व साई पल्लवी का अद्भुत संगम

नागा चैतन्य और साई पल्लवी की आने वाली फिल्म थंडेल अगले साल 7 फरवरी को बड़े पर्दे पर आने वाली है। भव्य रिलीज से पहले, निर्माताओं ने



फिल्म के दूसरे सिंगल गाने शिव शक्ति के ग्रेंड लॉन्च की घोषणा की है, जो भगवान शिव और देवी पार्वती के बीच शाश्वत प्रेम का जश्न मनाएगा। नागा चैतन्य ने हाल ही में 4 दिसंबर को हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में एक स्टार-स्टडेड समारोह में शोभिता धुलिपाला से शादी की थी। आज कुछ ही देर पहले उन्होंने अपनी आगामी फिल्म थंडेल के दूसरे गाने की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर की है। थंडेल का दूसरा सिंगल 22 दिसंबर को तेलुगु, हिंदी और तमिल सहित कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इस गाने का भव्य लॉन्च काशी के दिव्य घाटों पर होगा ताकि उत्सव में आध्यात्मिकता के जरिए लोगों को जोड़ा जा सके। नागा चैतन्य ने एक्स पर लिखा, ₹शिव और शक्ति के एक साथ आने के कोमल प्रकोप को आपके साथ साझा करने का इंतजार नहीं कर सकता। थंडेल का दूसरा गाना-शिवशक्ति 22 दिसंबर को तेलुगु, हिंदी और तमिल में जारी किया जाएगा। काशी के दिव्य घाटों पर भव्य लॉन्च। एक 'रॉकस्टार'।₹ नागा ने फिल्म का ने गाने का एक नया पोस्टर भी जारी किया जिसमें वह और साई पल्लवी नजर आ रहे हैं। दोनों एक दूसरे की आंखों में देखते हुए शिव और पार्वती की तरह मुद्रा बनाते हुए नजर आ रहे हैं। थंडेल का पहला सिंगल 'बुज्जी थल्ली' था और यह पिछले महीने 21 नवंबर को रिलीज किया गया था।

### छॉलीवुड

## झिटकु-मिटकी की सच्ची घटना ला रहे राजा, आज ट्रेलर रिलीज

छत्तीसगढ़ में विभिन्न आयोजनों के दौरान देश-विदेश के मेहमानों को पांरपरिक उपहार के तौर पर दिए जाने वाली बस्तर की कलाकृति झिटकु-



मिटकी कोई काल्पनिक नहीं बल्कि वास्तविक पात्र है। 300 साल पुराने इन पात्रों का इतिहास फिल्म के माध्यम से जनता के सामने लाने का जिम्मा उठाया है युवा फिल्मकार राजा खान ने। उनकी यह फिल्म अगले साल 7 फरवरी को रिलीज होने जा रही है। इसके ठीक पहले 20 दिसंबर को इस फिल्म का ट्रेलर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रहा है। राजा खान ने बताया कि बस्तर की उस अमर प्रेम कथा को हूबहू पर्दे पर उतारने काफी वक्त लिखा। जिसमें उन्होंने कोंडागांव स्थित विश्रामपुरी पेंड्रावनडीह गांव में इन दोनों पात्रों से संबंधित जानकारी जुटाई। करीब 3 साल तक गहन शोध किया। वहीं इन दोनों पात्रों के वंशजों से भी मुलाकातें की। इसके बाद 2 साल की मेहनत से स्क्रिप्ट तैयार की। उन्होंने बताया कि फिल्म में आधुनिक तकनीक का उपयोग न के बराबर किया गया है, सभी दृश्यों को सेट बनाकर फिल्माया गया है जिसके कारण दृश्य काफी रोचक बन पड़े हैं। उर्वशी फिल्म वर्ल्ड के बैनर तले बनी फिल्म झिटकू मिटकी में लालजी कोर्राम और लवली अहमद मुख्य भूमिका में है। लालजी कोर्राम स्वयं झिटकू मिटकी के वंशज है।

फिल्म की निर्मात्री उर्वशी नेताम और सह निर्माता जगत मरकाम व हुकुम मरकाम है। फिल्म की कहानी स्वयं राजा खान ने लिखी है और इसका निर्देशन भी उन्होंने ही किया है।

## चेमेना का कलेक्शन

क्लो फॉल 2024 रेडी-टू-वियर रनवे, फैशन शो और कलेक्शन की तस्वीरें इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल है। पेरिस फैशन वीक में चेमेना कमाली के डिज़ाइनर कलेक्शन को कई मॉडल ने खूबसूरती के साथ मंच पर उतारा। यहां चेमेना कामाली ने क्लो के क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में अपना पहला कलेक्शन पेश किया। उनका नवीनतम रनवे कार्ल लेगरफेल्ड के 70 के दशक के आकर्षण और समकालीन परिष्कार के मिश्रण के साथ ब्रांड के सार की एक मार्मिक वापसी को दर्शाता है।



लाइफ स्टाइल

## काजल खरीदते समय रखेंगे इन बातों का ख्याल तो नहीं होगी आंखें ड्राई

काजल की बात करें तो अक्सर सर्दी के मौसम में हम इसे लगाना अवॉयड करते हैं, लेकिन अगर आप कुछ बातों का ख्याल रखें तो आप किसी भी मौसम में आंखों में काजल लगा सकती हैं। कई काजल पेंसिल को आंखों में इस्तेमाल करने के बाद यह ड्राईनेस को बढ़ा देती हैं, लेकिन अगर इन काजल पेंसिल में ऑयल मौजूद हो तो यह आपकी आंखों को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाएगा। ऑयल के लिए आप कोशिश करें कि नेचुरल पदार्थ वाले ही प्रोडक्ट को ही चुनें। ऐसा करने से आपकी आंखों को भरपूर मात्रा में पोषण मिल जाए।

मार्केट में आपको कई प्रकार के काजल के बड़े से बड़े ब्रांड्स देखने को मिल जाएंगे, लेकिन आंखों को आकर्षक बनाने के लिए आप किसी अच्छे ब्रांड का और नेचुरल चीजों से बनाये गये प्रोडक्ट को ही चुनें। ऐसा इसलिए क्योंकि केमिकल से भरे प्रोडक्ट्स न केवल आपकी आंखों को ड्राई करेंगे, बल्कि यह आपकी आंखों को कई तरह का नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। कोशिश करें कि आप आई मेकअप करते समय कम से कम हाथों के दबाव का इस्तेमाल करें ताकि आंखों को किसी भी तरह का नुस्कान न होने पाए। आई मेकअप करते समय आप ब्लेंडिंग पर खास ध्यान दें ताकि आपका आई लुक आकर्षक नजर आए। अगर आपकी आंखें सेंसिटिव हैं तो काजल को वॉटरलाइन से थोड़ा दूरी रखकर ही इस्तेमाल करें।



## प्लस साइज लड़कियां पार्टी में स्टाइल करें ऐसे आउटफिट्स, दिखेंगी स्लिम





फैशन

हममें से कई सारे लोग ऐसे हैं जो न्यू ईयर पार्टी करना सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। इसलिए वो इस दिन की प्लानिंग पहले से ही करनी शुरू कर देते हैं। लेकिन सबसे ज्यादा कंफ्यूजन होता है आउटफिट्स को लेकर ऐसा इसलिए क्योंकि समझ नहीं आता है कि कौन सी ड्रेस वियर करें ताकि हम स्लिम नजर आए।

ऐसी दिक्कत सबसे ज्यादा होती है प्लस साइज वूमन के साथ ऐसा इसलिए क्योंकि वो भी चाहती हैं कि जो आउटफिट वो वियर करें उसमें वो अच्छी लगे सुंदर लगे साथ ही स्लिम भी नजर आए। ऐसे में जरूरी है कि आप यहां बताए गए ड्रेस के ऑप्शन को ट्राई करें इसमें आप स्लिम के साथ-साथ सबसे अलग भी नजर आएगी।

### फ्लेयर ड्रेस

अगर आपको स्लिम दिखना है तो आप फ्लेयर ड्रेस वियर कर सकती हैं। ये आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आपको कई सारे डिजाइन और नए-नए पैटर्न के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करके आप सबसे सुंदर लगेंगी। साथ ही हर कोई आपकी तारीफ करेगा। इसके साथ आप हाई हील्स और ओपन हेयर स्टाइल बना सकती हैं। चाहे तो जंक ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। इससे भी आप काफी अच्छी लगेंगी। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको 500 से 2000 रुपये में मिल जाएगी।

### शिमर स्टाइल ड्रेस

अगर आपको कुछ नया ट्राई करना है तो इसके लिए आप शिमर डिजाइन वाली ड्रेस को वियर कर सकती हैं। इसमें (पार्टी लुक आउटफिट्स) भी आपको काफी अच्छे-अच्छे ऑप्शन मिल जाएंगे। आप चाहे तो वी डीप नेकलाइन को खरीद सकती हैं वरना स्लिट कट ड्रेस में भी ऐसे कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। पार्टी लुक के लिए ये ड्रेस भी काफी अच्छी है। मार्केट से आपको ऐसी ड्रेस 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएगी। जिसे आप अपने हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। आजकल स्लिट कट ड्रेस का काफी ट्रेंड चल रहा है। आप भी इस तरीके की ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें भी प्लस साइज (ब्लाउज स्टाइल टिप्स) लड़कियों के लिए काफी अच्छे ऑप्शन आते हैं।

## सॉल्ट एंड पेपर बियर्ड मेंटेन करने जानें उपाय

बियर्ड के बालों का सफेद होना आजकल बेहद आम बात है। बियर्ड के सफेद होने के कारणों में बढ़ती उम्र से लेकर, जेनेटिक और प्रदूषण तक शामिल हैं। कई पुरुष बियर्ड के बालों को कलर करवा लेते हैं। जबकि कुछ लोग बियर्ड के इस सॉल्ट एंड पेपर लुक को पूरी शान के साथ स्वीकार करते हैं।

मेरी पर्सनल राय यही है कि सॉल्ट एंड पेपर बियर्ड का अपना ही क्रेज है। बियर्ड जहां मेंस के लुक्स को बोल्डनेस और मैच्योरिटी देती है। तो, सॉल्ट एंड पेपर बियर्ड इस लुक को कैरेक्टर देती है। लेकिन सॉल्ट एंड पेपर बियर्ड की देखभाल और स्टाइल कैसे किया जाए?

इस सवाल के बारे में ज्यादा जानने के लिए हमने बात की देश की जानी-मानी फैशन एंड ग्रूमिंग चेन लुक्स सैलून डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया (नोएडा) के सीनियर हेयर स्टाइलिस्ट आमिर से। आमिर ने सॉल्ट एंड पेपर बियर्ड की देखभाल और ग्रोथ को मेंटेन करने के 5 सीक्रेट टिप्स हमसे शेयर किए हैं।

### सॉल्ट एंड पेपर बियर्ड क्या है?

सॉल्ट एंड पेपर बियर्ड, उस दाढ़ी की स्टाइल को कहा जाता है, जब दाढ़ी के बाल कुछ काले और कुछ सफेद होते हैं। ऐसी बियर्ड



को हिंदी में कुछ लोग खिचड़ी दाढ़ी भी कहते हैं। सॉल्ट एंड पेपर बियर्ड का जलवा ये है कि कुछ युवा आजकल मैच्योर लुक पाने के लिए सैलून में जाकर डाई या कलर करवाते हैं।

### क्यों स्पेशल है सॉल्ट एंड पेपर बियर्ड

सॉल्ट एंड पेपर बियर्ड मेंस को रफ एंड टफ लुक देने के साथ ही एक मास अपील भी देती है, खासतौर पर तब जब आपकी बियर्ड फुल और घनी हो। अगर आप 30 की उम्र के आसपास हैं और सॉल्ट एंड पेपर बियर्ड को कैरी करते हैं तो ये आपको रफ एंड टफ लुक भी देती है। बहुत से लोगों को इस बात का कॉम्पलेक्स होता है कि उनकी बियर्ड के बाल सफेद हो गए। ग्रो अप मैन! हमेशा अपना एटीट्यूड और नजरिया पॉजिटिव रखिए।

## क्रिसमस पार्टी में अपनी बेबी गर्ल को पहनाएं ये गाउन ड्रेस, लगेगी सबसे सुंदर



क्रिसमस आने वाला है ऐसे में जरूरी है कि आप पहले से ही अपने आउटफिट्स को सर्च करके रखें ताकि जब आप रेडी हो तो उसके हिसाब से अपना लुक क्रिएट कर सके। ऐसे में अगर आप अपनी बेटी को साथ में ले जाना चाहती हैं तो बेस्ट है कि आप उसके लिए कुछ ऐसे गाउन ड्रेस सर्च करें जिसे वियर करके आपकी बेटी किसी प्रिंसेस से कम नहीं लगेगी। इसके लिए आप यहां बताए गए गाउन ड्रेस के ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं।

### ए-लाइन फ्लोरल गाउन ड्रेस

अगर आपको कुछ नया लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए आप ए-लाइन फ्लोरल गाउन ड्रेस को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको हर एक तरह के डिजाइन और कलर के ऑप्शन मिलेंगे। इसकी खास बात ये है कि इसके साथ आप अपनी बेटी को शॉट कोट या फिर फर जैकेट वियर करा सकती हैं, वो काफी कूल और अच्छी लगती है। इसके साथ छोटा सा चेन सेट भी वियर करा सकती हैं। इस तरह के गाउन को वियर करके आपकी बेटी बहद खूबसूरत नजर आएगी। मार्केट से इस तरह की ड्रेस आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएगी।

### वेलवेट मेक्सी ड्रेस गाउन

आप चाहे तो वेलवेट मेक्सी ड्रेस गाउन को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें भी आपकी बेटी काफी सुंदर (बीच पार्टी लुक) नजर आएगी।

कार्नर न्यूज

### नेहरू जैकेट के नाम से प्रसिद्ध है वेस्टकोट, मेंस फैशन का अहम हिस्सा

## पैंट-शर्ट से लेकर कुर्ते के साथ दमदार मैचिंग के लिए पहनें वेस्टकोट, मिलेगी भरपूर तारीफ

*वेस्टकोट को इस नाम से बहुत कम पुरुष जानते हैं। अगर नेहरू जैकेट कहें तो लोग तपाक से समझ जाएंगे। इसलिए समझने के लिए जान लें कि हम यहां पर इन्हीं की बात करने वाले हैं। पुरुषों के वेस्टकोट को पहनने का सही तरीका और मैचिंग करना जानेंगे। इससे आप इसको पहनने के बाद परफेक्ट लुक पा सकेंगे। क्योंकि कई पुरुष वेस्टकोट को सही तरीके से नहीं पहन पाते हैं, जिसकी वजह से उन पर ये जंचता नहीं है। हालांकि गलती उनके पहनने के तरीके में है और वे खुन्नस कपड़े के ऊपर निकालते हैं। इसलिए हम*

### किस मौसम में वेस्टकोट पहन सकते हैं?



हम अपनी बात सबसे पहले यहीं से शुरू करते हैं। सवाल एकदम वाजिब है- वेस्टकोट आखिर किस मौसम में पहन सकते हैं? दरअसल, मौसम गर्मी का हो या सर्दी का, कई लोग आपको इसे पहने हुए दिखते भी हैं। इसलिए आप इसको गर्मी और सर्दी में पहन सकते हैं। मगर आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

### वेस्टकोट फैब्रिक का चयन

हर मौसम के लिए अलग-अलग फैब्रिक के कपड़े होते हैं। इनका चयन सोच समझकर करें। गर्मी और सर्दी दोनों मौसम के लिए अलग वेस्टकोट होते हैं। सर्दी के वेस्टकोट मोटे और ऊनी होते हैं। जबकि गर्मी के वेस्टकोट सूती और पतले कपड़ों के बने होते हैं। इनको पहनने से पसीना निकलने या गर्मी लगने की संभावना कम होती है।

### वेस्टकोट के प्रकार

वेस्टकोट एक नहीं कई प्रकार के होते हैं। हम यहां पर कुछ खास प्रकार के वेस्टकोट के प्रकार जान लेते हैं जो प्रचलन में हैं। ये निम्नलिखित प्रकार के पुरुषों के वेस्टकोट हैं-

### सॉलिड वेस्टकोट

सॉलिड वेस्टकोट को अधिकतर पुरुष पहनना पसंद करते हैं। इनको पहनने का प्रचलन लंबे समय से है। मुझे लगता है कि ये लंबे समय तक ट्रेंड में बने रहेंगे। इसलिए इनको खरीदना किफायती है। इस तरह के वेस्टकोट आसानी से ऑनलाइन या फैशन स्टोर पर मिल जाते हैं।

### सॉलिड वेस्टकोट कैसे पहनें?

सॉलिड वेस्टकोट की मैचिंग करने में कई लड़के गलतियां कर देते हैं। इस वजह से ये ड्रेस उनपर जंचती नहीं है। काला, नीला, ऑलिव ग्रीन, केसरी, व्हाइट, ग्रे, ब्राउन आदि कलर के सॉलिड वेस्टकोट अधिक बिकते हैं। इनको रेगुलर फिट जींस, शर्ट के साथ पहन सकते हैं। आपको शर्ट और जींस के कलर को चूज करते वक्त कुछ बातें ध्यान देनी हैं। जैसे- डेनिम जींस, व्हाइट शर्ट के साथ ब्लैक या केसरी कलर का वेस्टकोट पहन सकते हैं।



### फ्लोरल वेस्टकोट

फूल-पत्तों के प्रिंट वाला वेस्टकोट देखने में कितना प्यारा लगता है। मगर केवल शादी या किसी अन्य पार्टी में पहनकर जा सकते हैं। ये समर पार्टी वियर के लिए एकदम सही है। मगर आपको इसकी मैचिंग करनी आनी चाहिए।